नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 141 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 24 मार्च 2024



पेज -6 पर

होलिका के समक्ष दहन के पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ता आमजनों के साथ करेंगे हनुमान चालीसा ...



पेज -8 पर

अभिषेक हत्याकांड में पुलिस की जांच से असंतुष्ट मृतक के परिजनों ...

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

### चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**


**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपुंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### खाकी को शर्मसार करने वाले एएसआई पर गिरी निलंबन की गाज

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने की कार्रवाई




**बीजापुर।** जिले में चुनाव ड्यूटी के दौरान खाकी को शर्मसार करने वाले सहायक उप उपनिरीक्षक पर निलंबन की गाज गिरी है. दरअसल, कोतवाली थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान तैनात एक सहायक उप निरीक्षक (ASI) का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. जिसमें वह नशे की हालत में राहगीरों से बदतमीजी और गाली गलौच करता नजर आ रहा है. इस मामले में बीजापुर पुलिस अधिक्षक ने तत्काल एक्शन लेते हुए वीडियो में दिख रहे उप निरीक्षक सोमनाथ ठाकुर को निलंबित कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, इस मामले की जांच की जिम्मेदारी बीजापुर उप पुलिस अधीक्षक को सौपी है. वहीं निलंबित सहायक उप निरीक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है. बीजापुर एसपी ने दो टूक कहा है कि डयूटी के दौरान किसी भी अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति अनुशासनहीनता एंव लापरवाही बरते जाने पर बख्से नही जायेंगे.

### साहू समाज ने किया थाने का घेराव



**कवर्धा।** साहू समाज के लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए आज पंडरिया थाने का घेराव किया. यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है. समाज के लोगों का कहना है कि दो दिन पहले भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में साहू समाज के भाजपा नेता को बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने अश्लील गाली दी और बत्तीमीजी की थी. साहू समाज के लोगों ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर थाने का घेरा किया. बता दें कि दो दिन पहले भी इस मामले को लेकर समाज के लोगों ने चक्काजाम कर जमकर नारेबाजी की थी.

# केजरीवाल की गिरफ्तारी-रिमांड पर हाईकोर्ट का अर्जेंट सुनवाई से इनकार

### बुधवार को मामला सुनेंगे, आतिशी का आरोप- हमारा दफ्तर सील किया गया

नई दिल्ली । दिल्ली शराब नीति केस में PMLA कोर्ट ने 22 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 6 दिन की (28 मार्च तक) ED की रिमांड पर भेज दिया। केजरीवाल को 21 मार्च को CM हाउस से गिरफ्तार किया गया था।



शुक्रवार दोपहर 2 बजे उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इधर, शनिवार शाम को केजरीवाल के वकील ने ED की गिरफ्तारी और निचली अदालत के रिमांड के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। वकीलों ने कहा कि दोनों फैसले अवैध हैं। केजरीवाल रिहाई के हकदार हैं। हमने कोर्ट से 24 मार्च तक सुनवाई की मांग की है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड के मामले पर अर्जेंट सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि होली की छुट्टी है। बुधवार (27 मार्च) को कोर्ट खुलने पर ही केस की सुनवाई होगी। शनिवार दोपहर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने वीडियो मैसेज में केजरीवाल का संदेश पढ़कर सुनाया। 3 मिनट 21 सेकेंड के इस संदेश में कहा गया कि अब तक मैंने बहुत संघर्ष किया है, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े संघर्ष लिखे हैं। AAP कार्यकर्ताओं से अपील है कि मेरी गिरफ्तारी की वजह से भाजपा वालों से नफरत न करें।

AAP मंत्री आतिशी ने दावा किया है कि उनके पार्टी कार्यालय को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किसी राष्ट्रीय पार्टी के ऑफिस में लोगों की एंट्री कैसे रोकी जा सकती है? हम इलेक्शन कमीशन में इसकी शिकायत करेंगे।

इधर तिहाड़ में बंद ठग सुकेश ने केजरीवाल के नाम चिट्ठी लिखी है। उसने लिखा- डियर ब्रदर अरविंद केजरीवाल, वेलकम टु तिहाड़ क्लब। मैं बहुत खुश हूं कि मेरे तीनों भाई अब यहां है, तिहाड़ क्लब चलाने के लिए चेयरमैन बिग बॉस- अरविंद केजरीवाल। CEO- मनीष सिसोदिया और COO- सत्येंद्र जैन।

### स्मृति बोलीं- राहुल ने कहा था केजरीवाल भ्रष्ट हैं:शराब घोटाला हुआ है, कांग्रेस ने पुलिस को इसकी जानकारी दी, आज एकजुटता दिखा रहे



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले पर दोहरे रवैये को लेकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की आलोचना की है। स्मृति ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी पर राहुल आज उनके परिवार के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं, जबकि पिछले साल उन्होंने तेलंगाना में कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री भ्रष्ट हैं। स्मृति ने ये दावा शुक्रवार (22 मार्च) को दिल्ली स्थित भाजपा हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा- राहुल एक ही विषय पर अलग-अलग तरीकों से पासा पलटते हैं। मेरे पास इसका प्रमाण है। स्मृति के मुताबिक, राहुल ने 2 जुलाई 2023 को तेलंगाना में कहा था कि पूर्व सीएम के.चंद्रशेखर राव भी भ्रष्ट हैं। शराब घोटाला हुआ है। सभी एजेंसियों को इसके बारे में पता है। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा को शराब घोटाले में केसीआर की बेटी के. कविता की संलिप्तता की जानकारी है। इसके बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# 12 से अधिक नशे के सौदागर भेजे गए जेल

### रायपुर पुलिस का निजात अभियान, आबकारी एक्ट में 732 लोगों पर हुआ एक्शन

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने होली के पहले शहरवासियों को अवैध नशे के कारोबार से निजात दिलाने के लिए निजात अभियान के तहत सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने मार्च महीने में 12 से अधिक नशे के सौदागरों को जेल भेज दिया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट में 732 लोगों पर एक्शन लिया है। दरअसल, रायपुर पुलिस नशे के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। जिसमें सभी थाना और एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम शहर के अलग-अलग इलाकों में लगातार कार्रवाई कर रही है। रायपुर SSP ने सभी थानेदारों को नशे का सामान बेचने वालों और सप्लाई करने वालों पर सख्त एक्शन लेने के लिए निर्देश दिए हैं।

#### मार्च महीने का पुलिस का लेखा जोखा

रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ एक्शन लेते हुए मार्च महीने में 20 मामलों में 12 अंतर्राज्यीय आरोपी समेत कुल 25 आरोपियों को जेल भेजा है। इनके कब्जे से 1 क्विंटल 86 किलो गांजा जब्त किया है। साथ ही 150 ग्राम अफीम और 1001 नग नशीली टेबलेट जब्त की है।

#### शराब का काला कारोबार पर भी सख्ती

पुलिस ने 1 मार्च 2024 से 23 मार्च तक अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें रायपुर के सभी थानों एवं एंटी क्राइम




एण्ड साइबर यूनिट की टीम ने 727 मामलों में 732 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से करीब 500 लीटर देशी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। रायपुर की यातायात पुलिस ने 1 मार्च से 23 मार्च के बीच शराब का सेवन कर बाइक-कार चलाते 126 मामलों में 126 व्यक्तियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 11 लाख 60 हजार फाइन जमा करवाया है।

#### दूसरे राज्यों के 1 दर्जन आरोपी

*रायपुर पुलिस के गिरफ्त में ओडिशा के 3, महाराष्ट्र के 3, उत्तर प्रदेश के 3, उत्तराखण्ड का 1 और पंजाब के 2 आरोपी गिरफ्तार हुए है। रायपुर SSP ने संतोष कुमार सिंह ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ''निजात'' अभियान के तहत कई सामाजिक संगठनों के लोगों को जागरूक होकर नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए सहयोग की अपील की है।*

कांग्रेस नेता अमर गिदवानी ने थामा बीजेपी का दामन

# मंत्री बृजमोहन की मौजूदगी में पूज्य सिंधी पंचायत के 100 पदाधिकारियों ने भी ली सदस्यता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी की मौजूदगी में कांग्रेस नेता अमर गिदवानी, कांग्रेस नेता तेजकुमार बजाज ने बीजेपी की सदस्यता ली। इस दौरान रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेता अमर गिदवानी और तेजकुमार बजाज अध्यक्ष कटोरा तालाब व्यापारी संघ के नेतृत्व में तत्पर कार्यालय में, पूज्य सिंधी



पंचायत कटोरा तालाब और सिविल लाइन के पदाधिकारियों ने उत्तर दक्षिण विधानसभा और गोदड़ीधाम के लगभग 100 पदाधिकारियों ने भाजपा प्रवेश किया। इसमें रमेश कलश संरक्षक कटोरा तालाब व्यापारी संघ, सुरेश सहगल- महासचिव कटोरा तालाब व्यापारी संघ, विजय नागवानी उपाध्यक्ष कटोरा तालाब व्यापारी संघ, सर्वजीत सिंह चंढोक, लवली भाटिया सहसचिव कटोरा तालाब व्यापारी - संघ, रितेश जसवानी, अशय सहगल, विवके शर्मा, अभिषेक बजाज ने बीजेपी की सदस्यता ली।

# रायपुर में मुखौटों पर प्रतिबंध,हुड़दंग मचाने वालों पर होगा एक्शन, गाइडलाइन जारी

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के बीच इस बार होली का त्योहार मनाया जा रहा है। इसे लेकर रायपुर जिला प्रशासन ने गाइडलाइन जारी की है। वहीं, होली के दौरान मुखौटा लगाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस ने सभी से शांति पूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। जिला और पुलिस प्रशासन की




ओर से तेज रफ्तार और तीन सवारी बाइक चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश हैं। सड़क पर हुडदंग मचाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार रात 12:30 बजे तक करने को कहा है। जिला प्रशासन ने होलिका दहन सड़क किनारे करने की अपील की है ताकी बीच सड़क पर यातायात प्रभावित न हो। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। सभी से आग्रह है कि सौहार्द पूर्ण ढंग और भाईचारे के भाव के साथ त्योहार मनाएं।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए दिलाई शपथ

**रायपुर** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूल और कॉलेज के प्रतिनिधियों के कार्यशाला में शामिल हुए और उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उपस्थित प्रतिनिधियों को शपथ भी दिलाई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्कूल और कॉलेज अधिक से अधिक रचनात्मक कार्य करें। रचनात्मक कार्य से स्कूल और कॉलेज की पहचान बनेगी और प्रशासन भी प्रोत्साहन करेगा। मतदाता जागरूकता के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएं। साथ ही



आचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी कार्यालयों में आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इस पर भी विशेष ध्यान रखा जाएं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप ने कहा कि युवा मतदाता किसी भी प्रकार से मतदान से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्कूल और कॉलेज की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मतदाता जागरूकता के लिए स्कूल और कॉलेज द्वारा टूर्नामेंट आयोजित किया जाएं। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी गई। नगर व वार्डों के चौक- चौराहें, सोशल मीडिया, महाविद्यालय, विद्यालय, शहरी क्षेत्रों में, दिव्यांग मतदाता, अन्य शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार करने के बारे में बताया गया।

# दक्षिण विधानसभा मेरा परिवार, सालों से मिल रहे आपके असीमित स्नेह का आभारी हूं :- बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर। लोकसभा चुनाव पूर्व भाजपा रायपुर लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ कर रही है साथ ही कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भी विधानसभा वार किया जा रहा है इसी कड़ी में आज रायपुर दक्षिण विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया





साथ ही कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमे दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत निवासरत भारतीय जनता पार्टी के सभी चारों मंडलों के कार्यकर्ता मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे । रायपुर दक्षिण के विधायक कैबिनेट मंत्री और रायपुर से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का प्रत्येक मंडल के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया मंच पर अलग अलग मंडल के पदाधिकारियों ने बृजमोहन अग्रवाल का गजमाला , पुष्पमाला , पटका पहना पर अपने लाडले नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया ।

मंच पर बृजमोहन अग्रवाल के साथ अथिति के तौर पर रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी , कुरूद विधायक अजय चंद्राकर , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय , भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव , पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल , प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू रायपुर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे । बृजमोहन अग्रवाल ने दक्षिण विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित तमाम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा रायपुर की जनता से इतना आत्मीय स्नेह और प्रगाढ़ संबंध है की मैं इसे शब्दों में नही जाहिर कर सकता पहले जब रायपुर दक्षिण विधानसभा के अलावा जब अन्य विधानसभाओं में जाता था तो जनता कहती थी की आप हमारे अपने हैं और शायद यही कारण है की नरेंद्र मोदी ने लोकसभा की टिकट दी जिससे मैं सिर्फ एक नही अपितु रायपुर लोकसभा की सभी 9 विधानसभा की जनता के हितों की रक्षा कर सकूं उनका नेतृत्वकर्ता बन सकूं प्रदेश विकास की एक एक ईंट हमने भाजपा सरकार ने रखी आप सभी जब जनता से पूछेंगे की यह निर्माण किसने करवाया तो उनका भी जवाब यही होगा की भाजपा ने बनाया बृजमोहन , राजेश मूणत अजय चंद्राकर ने बनाया तो उनके बीच जाकर अधिकार से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की मांग करना है ।

# आजादी की क्रांति के जननायक थे भगत सिंह, हिलाकर रख दी थी अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें

भगत सिंह का नाम जब-जब लिया जाता है तो मानों शरीर के रोंगटे खड़े हो जाते हैं, उनके बलिदान के 93 वर्ष बाद भी उनके विचार युवाओं के खून में दौड़ते हैं। भगत सिंह एक क्रांतिकारी ही नहीं बल्कि क्रांति के वह नायक हैं जो इस ब्रह्माण्ड में विरले ही होते हैं। आज का दिन हमारे देश को आजादी दिलाने वाले भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान का दिवस है। सम्पूर्ण राष्ट्र में आज के दिन को क्रांति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। हम सभी के दिलों में यह दिन बेहद पीड़ादायक है, क्योंकि इसी दिन हमारे देश के क्रांतिकारी सपूतों को कायर ब्रिटिश सरकार ने फांसी के फंदे पर चढ़ाया था।

तत्कालीन ब्रिटिश सरकार को ये ज्ञात नहीं था कि वह किसी व्यक्ति के प्राण तो ले सकते हैं लेकिन उसके विचारों को कभी नहीं मार सकते। महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के विचार हमारे बीच आज भी इतनी मजबूती से मौजूद हैं कि हमें लगता है कि वह हमें अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की ताकत देते हैं। यह भारत की इस वीर भोग्य धरा का ही परिणाम है कि हमने अपने ऊपर हुए तमाम अत्याचारों का बदला अपना बलिदान देकर लिया है। यह इस धरा की खूबसूरती है कि हम अपने स्वाभिमान को अपने प्राणों से ज्यादा समझते हैं।



भगत सिंह का जन्म 27 सितम्बर 1907 को लायलपुर जिले के बंगा में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। भगत सिंह का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ जिसकी पांच पीढ़ियों ने ंति की ज्वाला का उदघोष किया था। भगत सिंह अपने चाचा अजीत सिंह से बहुत प्रभावित थे, अजीत सिंह उस समय भारत की आजादी के आंदोलन में सक्रिय थे।

भगत सिंह का जन्म 27 सितम्बर 1907 को लायलपुर जिले के बंगा में हुआ था। यह स्थान अब पाकिस्तान में है। भगत सिंह का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ जिसकी पांच पीढ़ियों ने क्रांति की ज्वाला का उदघोष किया था। भगत सिंह अपने चाचा अजीत सिंह से बहुत प्रभावित थे, अजीत सिंह उस समय भारत की आजादी के आंदोलन में सक्रिय थे।

भगत सिंह की प्रारम्भिक शिक्षा गांव के स्कूल में ही सम्पन्न हुई, जिसके बाद उनका दाखिला लाहौर के एक एंग्लो वैदिक स्कूल में हुआ, जिसके पश्चात भगत सिंह लाहौर के नेशनल लॉ कॉलेज में अध्ययन के लिए गए इस कॉलेज की स्थापना महान क्रांतिकारी लाला लाजपत राय ने की थी। भगत सिंह के जीवन में इस कॉलेज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यहीं से उन्होंने आजादी के रण में अपने कदमों को आगे बढ़ाया। पढ़ाई के दौरान उनका संपर्क जुगल किशोर, भाई परमानन्द और जयचंद विद्यालंकार से हुआ, उसके बाद वर्ष 1923 में उन्होंने अपना घर छोड़ा और वो कानपुर आ गए, जहां उन्होंने अपना नाम बलवंत सिंह रखकर गणेश शंकर विद्यार्थी के समाचार पत्र दैनिक प्रताप में काम किया। वहां पुलिस की सक्रियता बढ़ती देख वो कानपुर से अलीगढ़ आए और एक स्कूल में अध्यापन का कार्य करने लगे। कुछ समय बाद वो वापस लाहौर चले गए। लाहौर में उन्होंने नई रणनीतियों पर काम किया और फिर दिल्ली आकर दैनिक अर्जुन समाचार पत्र में काम करने लगे। वहां उनका परिचय हुआ बटुकेश्वर दत्त, अजय घोष, विजयकुमार सिन्हा और योगेश चन्द्र चटर्जी से, अपने इन्हीं साथियों के साथ मिलकर भगत सिंह ने 1923 में स्थापित हुए हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन को दोबारा खड़ा करने का बीड़ा उठाया और आखिरकार हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन की स्थापना कर डाली। देश के युवाओं को आजादी की लड़ाई के लिए तैयार करना हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन का मकसद था। भगत सिंह के जीवन की सबसे बड़ी घटना तब हुई जब 30 अक्तूबर 1928 को लाहौर में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में सायमन कमीशन का विरोध किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक स्कॉट ने सहायक पुलिस अधीक्षक सांडर्स को लाठी चार्ज की अनुमति दी हुई थी। इस लाठी चार्ज में लाला लाजपत राय गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसके बाद 17 नवम्बर 1928 को वह वीरगति को प्राप्त हो गए। इस घटना से भारत के क्रांतिकारियों के रक्त में ज्वाला का उदघोष हो रहा था, जिसके बाद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु और जयगोपाल ने इसका बदला लेने का निर्णय लिया और स्कॉट की हत्या का प्लान बनाया लेकिन उन्होंने स्कॉट को नहीं बल्कि सांडर्स को गोली मार दी। ब्रिटिश सरकार में इस घटना के बाद खलबली मच गई। इस घटना के बाद कई महीनों तक भगत सिंह और उनके साथी फरार रहे, लेकिन क्रांति की ज्वाला रुकने वाली कहां थी। अप्रैल 1929 में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने सोई हुई ब्रिटिश सरकार को जगाने के लिए कोलकाता असेम्बली में कम तीव्रता वाले बम फेंककर नारेबाजी की और अपनी गिरफ्तारी दी, जिसके बाद उन पर सांडर्स की हत्या का मुकदमा चलाया गया। 23 मार्च 1931 को 7 बजकर 33 मिनट पर भगत सिंह को उनके साथी राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दे दी गई। ब्रिटिश सरकार ने ये कृत्य कर तीन क्रांतिकारियों की सांसो को तो छीन लिया परन्तु उनके द्वारा प्रसारित क्रांति के विचारों का पतन वो नहीं कर पाई। आज भी हमारे बीच भगत सिंह के विचारों का प्रवाह है, जो अन्याय के खिलाफ और राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को जगाता है। भारत की यह धरा धन्य है की उसने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया।

अक्षय शर्मा

## संपादकीय

### भाजपा का दक्षिण अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने इस लोक सभा चुनाव में पार्टी के लिए 370 और एनडीए गठबंधन के लिए 400 सीटें प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उसे दक्षिण भारत का दुर्ग जीतना बेहद आवश्यक है। दक्षिण के केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक को मिला कर लोक सभा की 130 सीटें हैं। अगर भाजपा को 400 पार के संकल्प को पूरा करना है तो उसे 130 सीटों में से खासी हिस्सेदारी प्राप्त करनी होगी। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भाजपा ने तमिलनाडु में डॉ. एस. रामदॉस के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के साथ सीटों का समझौता किया है।

पीएमके का प्रदेश के वलियार समुदाय में अच्छा प्रभाव है। प्रधानमंत्री मोदी इस तथ्य से परिचित हैं कि एआईएडीएमके की नेता रहीं जयललिता के निधन के बाद डीएमके का प्रदेश में राजनीतिक प्रभुत्व और भी बढ़ गया है। 2019 के आम चुनाव में डीएमके की अगुवाई वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस को राज्य की 39 में से 38 सीटों पर विजय हासिल हई थी। भाजपा ने पांच उम्मीदवार खड़े किए थे और सभी हार गए थे। तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा का खाता नहीं खुला था। दक्षिणी भारत की 130 सीटों में से भाजपा को केवल 29 सीटें मिली थीं। कर्नाटक की 28 में से 25 और तेलंगाना से 4 सांसद जीत कर आए थे। इस समय दक्षिण के किसी भी राज्य में भाजपा सत्ता में नहीं है। पिछले वर्ष वह कर्नाटक विधानसभा चुनाव कांग्रेस से हार गई। यहां की 25 सीटों को बरकरार रखा पार्टी के लिए एक चुनौती है।

# विकास यात्राः आत्मनिर्भरता की ओर... संस्कृति से समृद्धि की रहा पर बढ़ता यूपी

उ त्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि का हमारा व्रत सात वर्ष पूर्ण कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को मिशन के रूप में आत्मसात करते हुए 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारंभ किया था, वह आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत है।



हमारी नीतियों के प्रति जिस प्रकार जनता ने अपना सहयोग और समर्थन दिया है, उससे यह विश्वास और दृढ़ हो चला है कि स्पष्ट नीति, साफ नीयत, प्रतिबद्धतापूर्ण नियोजन के सद्प्रयास अवश्य फलित होते हैं। उत्तर प्रदेश के बदलाव की चर्चा आज राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हो रही है, तो इसके पीछे ट्रिपल सी यानी, कल्चर, कनेक्टिविटी और कॉमर्स का मंत्र है। आज अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे सनातन आस्था के मानबिंदुओं का यशगान पूरी दुनिया में हो रहा है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीअयोध्याधाम में भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में श्रीरामलला भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पुनरोद्धार, विंध्यधाम कॉरिडोर, ब्रज भूमि, नैमिषारण्य धाम, और सोरों-सूकर क्षेत्र आदि के समग्र विकास के प्रयासों ने धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में नवीन संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न प्रांतों से करोड़ों श्रद्धालुओं का प्रदेश में आगमन हुआ है, जिन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर योगदान दिया है। परिणामतः, रोजगार के अवसर बढ़े हैं, खुशहाली के नवीन द्वार खुले हैं। आज उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बनने की ओर अग्रसर है। यह बदलाव, नए बनते अवसर आस्था, अर्थव्यवस्था और संस्कृति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। देश का सबसे बड़ा रेल और रोड नेटवर्क यहीं है। यही एकमात्र प्रदेश है, जहां पांच अंतरराष्ट्रीय और 16 घरेलू हवाई अड्डे हैं। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन यहां है। छह एक्सप्रेसवे संचालित हैं, सात निर्माणाधीन हैं। हमारी योजना है कि अगले वर्ष जब पूरी दुनिया से संत व श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए आएं, तो उन्हें गंगा एक्सप्रेसवे का सुखद अनुभव प्राप्त हो। प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह का परिणाम है कि देश का पहला इनलैंड वाटर-वे और पहली रैपिड रेल के संचालन का गौरव प्रदेश को प्राप्त हुआ। 'नए भारत का यह नया उत्तर प्रदेश' आज स्व से साक्षात्कार कर रहा है। अपनी प्रतिभा, परंपरा और संभावनाओं को पहचान कर यह सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। यहां आस्था, परंपरा और विरासत का सम्मान है, तो अर्थव्यवस्था पर भी पूरा ध्यान है। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में राष्ट्रीय जीडीपी में 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है।

बीते सात वर्षों में राज्य की सकल घरेलू आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उत्तर प्रदेश की सशक्त पहचान बनी है, जो दर्शाता है कि प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दुनिया भर से 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलना न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के किसी भी राज्य के इतिहास में अभूतपूर्व घटना थी। यह प्रदेश को निवेश के श्रेष्ठ गंतव्य और भविष्य के भरोसे के रूप में व्यक्त करता है। एक वर्ष की अवधि के भीतर हमने 10.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया। इतनी बड़ी राशि का निवेश युवाओं के सपनों को साकार करने में भी सहायक होगा। हर हाथ को काम मिलेगा, हर घर खुशहाली आएगी। इन वर्षों में साढ़े छह लाख युवाओं को पारदर्शी ढंग से सरकारी नौकरियां मिली हैं। हमने चार लाख करोड़ रुपये से लेकर 40 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों की जो यात्रा तय की है, इसने प्रदेश में नवोन्मेष और स्टार्टअप संस्कृति के विकास को प्रोत्साहित किया है। इसका परिणाम है कि आज प्रदेश का युवा जॉब सीकर से आगे बढ़कर जॉब क्रिएटर बन रहा है।

– योगी आदित्यनाथ

## मिला जुला

### एक नजर

#### महुआ मोइत्रा के खिलाफ CBI का बड़ा ऐक्शन, कोलकाता सहित कई ठिकानों पर सुबह-सुबह रेड



नई दिल्ली. तृणमूल कांग्रेस की नेता और पूर्व लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा के ठिकानों पर सीबीआई ने सुबह-सुबह छापेमारी की है. कैश फॉर क्वेरी से जुड़े मामले में सीबीआई ने हाल ही में केस दर्ज किया था, जिसके बाद आज ये छापे मारे गए हैं. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सीबीआई अधिकारियों ने रविवार को महुआ से जुड़े कोलकाता सहित कई अन्य लोकेशन में रेड की. कोलकाता के अलीपुर इलाके में स्थित महुआ के पिता दीपेन्द्रलाल मोइत्रा के फ्लैट पर भी सीबीआई की टीम पहुंची. सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने शनिवार को कथित कैश-फॉर-क्वेरी मामले में कोलकाता सहित कई स्थानों पर पूर्व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली गई. उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमें शनिवार तड़के कोलकाता और अन्य शहरों में मोइत्रा के आवास पर पहुंचीं, तलाशी कार्यवाही की जानकारी दी और ऑपरेशन शुरू किया. बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लोकपाल के निर्देश पर गुरुवार को टीएमसी की पूर्व सांसद मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी. लोकपाल ने सीबीआई को छह महीने के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है. दरअसल लोकपाल ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोपों की प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष प्राप्त करने के बाद सीबीआई को ये निर्देश जारी किए है.

# सम्मानित महसूस कर रहा हूं, हवाई अड्डे तक छोड़ने आए भूटान के राजा तो पीएम मोदी ने जताया आभार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का दो दिन दौरा करने के बाद दिल्ली वापस लौट आए हैं। उन्होंने भारत आने के बाद भूटान यात्रा से जुड़ी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। साथ ही पीएम ने हवाई अड्डे तक छोड़ने आए राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार जताया।



गौरतलब है, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ-साथ प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पीएम मोदी को हवाई अड्डे तक छोड़ने आए थे। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'दिल्ली के लिए रवाना होते समय हवाई अड्डे पर भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे मुझे छोड़ने आए। मुझे बहुत सम्मानि महसूस हुआ।'

#### ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित

भूटान की यात्रा को खास बताते हुए पीएम ने कहा, 'भूटान की यह यात्रा काफी खास रही। मुझे राजा, प्रधानमंत्री तोबगे और भूटान की जनता से मिलने का अवसर मिला। हमारी बातचीत भारत-भूटान मित्रता को और मजबूती देगी। मैं ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित होने के लिए भी आभारी हूं।'

## आईएसआईएस नेली मॉस्को हमले की जिम्मेदारी...

# अब तक 93 मौतें और 145 घायल, सामने आईं आतंकियों की तस्वीरें

**मास्को।** आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ सीरिया एंड इराक ने शुक्रवार को मॉस्को के क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हुई गोलीबारी और बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है. इस भीषण आतंकी हमले में 93 लोगों की मौत हो गई और 145 घायल हो गए. आईएस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर कहा, 'हमारे लड़ाकों ने रूस की राजधानी मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हमला किया'. आईएस के बयान में यह भी कहा गया है कि हमलावर 'सुरक्षित रूप से अपने ठिकानों पर लौट आए हैं'.



इस बीच रूसी मीडिया ने आतंकवादियों की तस्वीरें प्रकाशित की हैं. स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में आतंकी हमले के चश्मदीदों के हवाले से बताया गया कि हमलावर 'एशियाई और कॉकेशियाई'' लोगों जैसे दिखते थे और रूसी नहीं, बल्कि विदेशी भाषा में बातचीत कर रहे थे. रूसी मीडिया का दावा है कि आतंकी इन्गुशेतिया के मूल निवासी हैं. सैन्य वर्दी पहने हुए आतंकियों ने इमारत में प्रवेश किया और गोलीबारी शुरू कर दी. सामने जो भी दिखा उसे गोलियों से भून दिया. इसके बाद विस्फोट किया, जिससे कॉन्सर्ट हॉल में आग लग गई.


जब हमला हुआ उस वक्त क्रोकस सिटी हॉल में सोवियत काल के प्रसिद्ध म्यूजिक बैंड %पिकनिक% का परफॉर्मेंस चल रहा था. इस म्यूजिक कॉन्सर्ट में 6200 लोग मौजूद थे. रूसी अधिकारियों ने कहा कि हम इस आतंकवादी हमले की जांच कर रहे हैं और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लगातार अपडेट किया जा रहा है. रूसी विदेश मंत्रालय ने इस आतंकवादी हमला बताया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस घृणित अपराध की निंदा करने की अपील की है. यह आतंकी हमला ऐसे समय में हुआ है जब व्लादिमीर पुतिन ने हाल में संपन्न राष्ट्रपति चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की है और रूस के राष्ट्रपति के रूप में लगातार 5वां कार्यकाल संभालने जा रहे हैं. दूसरी ओर रूस बीते दो साल से यूक्रेन के साथ युद्ध लड़ रहा है.

#### मॉस्को में हुए आतंकी हमले की पीएम मोदी ने की निंदा, बोले- रूस के साथ खड़ा है भारत

नई दिल्ली। रूस की राजधानी मॉस्को में शुक्रवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ। बंदूकधारियों ने ईसाइयों के एक बड़े समारोह स्थल पर लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस हमले में 60 से अधिक लोगों की जान चली गई है। 100 से अधिक लोग घायल भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने रूस के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है। आपको बता दें कि आतंकी समारोह स्थल पर सेना की वर्दी पहनकर अंदर घुसे थे। पीएम मोदी ने कहा, 'हम मॉस्को में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।'

# मॉस्को हमले के बाद क्या पुतिन को फोन करेंगे बाइडेन? अमेरिका ने दिया ये जवाब

**नई दिल्ली।** रूस की राजधानी मॉस्को में हुए आतंकी हमले के बारे में जो बाइडेन की पुतिन को कॉल करने का कोई प्लान नहीं है. व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने न्यूज एजेंसी Sputnik को बताया कि मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में आतंकवादी हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई कॉल शेड्यूल नहीं है. जब प्रवक्ता प्रवक्ता से पूछा गया कि क्या आतंकवादी हमले के मद्देनजर बाइडेन और पुतिन के बीच किसी कॉल की योजना बनाई गई थी, तो उन्होंने इस पर जवाब देते हुए जवाब दिया- नहीं. व्हाइट हाउस ने कहा कि उसे हमले के बारे में अमेरिकी और रूसी अधिकारियों के बीच किसी भी संपर्क होने की जानकारी नहीं है. आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ सीरिया एंड इराक ने शुक्रवार को मॉस्को के क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हुई गोलीबारी और बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है. इस भीषण आतंकी हमले में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और 145 घायल हो गए. ISIS ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर कहा, 'हमारे लड़ाकों ने रूस की राजधानी मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हमला किया'.



# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन विदेश मंत्रालय की टिप्पणी, भारत ने जताया कड़ा विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया है. फिलहाल वह सात दिन की ईडी रिमांड पर हैं. केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने की टिप्पणी की. भारत ने जर्मन विदेश मंत्रालय की इस टिप्पणी का कड़ा विरोध किया है. भारत का मानना है कि यह हमारे देश का आंतरिक मामला है, जर्मनी को इस मामले से दूर रहना चाहिए. जर्मन विदेश मंत्रालय की तरह से कहा गया है कि भारत में विपक्ष के एक बड़े राजनीतिक चेहरे को चुनाव से कुछ दिन पहले गिरफ्तार कर लिया गया है. विपक्ष इसे राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देख रहा है. इस मामले को जर्मन सरकार ने संज्ञान में लिया है. उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतंत्रिक देश है. हम उन मानकों में विश्वास रखते हैं और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक मूल्य से संबंधित सिद्धांत भी इस केस में मामले में लागू किए जाएंगे. जर्मन विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि इस मामले में अरविंद केजरीवाल निष्पक्ष सुनवाई के हकदार हैं, उनको बिना किसी प्रतिबंध के सभी कानूनी रास्तों के उपयोग का हक मिलने चाहिए. उन्होंने कहा कि निर्दोष होने की संभावना कानून के नियमों का अहम हिस्सा है, इसीलिए इसे केजरीवाल के मामले में भी लागू होना चाहिए.

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा तथा आईटीआई आड़ावाल में हुई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

## रैली आयोजन सहित नारा लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा





**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आड़ावाल में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों ने नारा लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया और मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आड़ावाल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सम्बन्धित संस्थाओं के प्राचार्य और प्रशिक्षण अधिकारी एवं अन्य कार्यालयीन कर्मचारियों सहित प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करने की शपथ ली गई।







# बचेली में यूपी बिहार वार्षिक मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**बचेली।** उत्तर प्रदेश-बिहार सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति बचेली के वर्षिक मिलन समारोह का भाव पूर्वक आयोजन को समिति के भवन मे किया गया जिसमे मुख्यअतिथि के रूप मे एनएमडीसी बचेली परियोजना के मुख्य महा प्रबंधक पी.रामायण सर व वशिष्ट अतिथि एस.के.एस.चंद्रा, डा. राजेश श्रीवास्तव, राकेश रंजन, एस.के. पांडे उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम मे मुख अतिथि व अतिथि गण का सम्मान समिति के पदाधिकारीयों के द्वारा पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया द्य समिति के वरिष्ठ सदस्य सुरेश राय जी का परियोजना से सेवानिवृत उपरांत समिति द्वारा पुष्पगुच्छा व स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मान किया गया द्य इस कार्यक्रम मे मुख़ अतिथि के द्वारा अपने सम्बोधन मे समिति के विभिन्न कार्यकलापो व मिलन समारोह के आयोजन के लिए समिति को बधाई दिया गया

मुख्य अतिथि द्वारा समाज के सचिव सुखबीर सिंह चौहान के सुपुत्र विवेक सिंह चौहान को यूपीएससी के अंतर्गत सीडीएस के परीक्षा मे पूरे भारत मे पांचवा स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष मे स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुवे प्रिंट मीडिया के पत्रकार किरण भदौरिया, जितेंद्र चौधरी, डूंगरमल सोनी को समिति द्वारा स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया तत्पश्चात तहसिल साहू समाज, उत्कल समाज, बन्गिय समाज, आंध्रा समाज के पदाधिकारियो का सम्मान किया गयाद्य इसी कड़ी मे इंटक के पदाधिकारी का भी सम्मान किया गया । समिति के द्वारा सभी अतिथियों व समाज के सदस्यो के लिये रात्री भोज की व्यवस्था की गई जिसमे उत्तरप्रदेश बिहार के प्रमुख व्यंजनों के लुफ्त उठाये इस कार्यक्रम मे मधुर संगीत के द्वारा समाज जे आनंद पांडे, राजेश दुबे, पुष्पा वर्मा, निशा तिवारी, रानी दुबे के द्वारा परम्परिक गीत गा कर समा बांधा गया अंत मे सभी अतिथियों का समाज के अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया

इस सफल आयोजन का मंच संचालन समिति के सदस्य आनंद पांडे के द्वारा किया गया ।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने मे समिति के अध्यक्ष ए.के.बंसल, उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, सचिव सुखबीर सिंह चौहान , सयुक्त सचिव संजय सिंह तथा समाज के महिलाओ व सदस्यो का विसेस योगदान रहा।

लोक सभा निर्वाचन-2024

# स्कूली छात्र सहित शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एंव सुपरवाईजरों के द्वारा स्वीप कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु की गई अपील




**दन्तेवाड़ा ।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत स्कूली शिक्षक सहित छात्रों के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाल बैनर पोस्टर लेकर लोगों को मतदान करने की अपील की जा रही है इस क्रम में विकास खण्ड गीदम के प्राथमिक शाला बालपेट, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय किरंदुल तथा शासकीय कन्या हाई स्कूल पोटाकेबिन चितालूर में छात्र-छात्राएं तथा हारम में महिला बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाईजरों के द्वारा पोषण पखवाड़ा के साथ स्वीप कार्यक्रम के तहत बोट पंडुम के बैनर पोस्टरों सहित वीवीपैट मशीन की जानकारी भी लोगों को सिखाई जा रही है। जिससे लोग आत्मविश्वास के साथ वोट डाल सकें और जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित की जा सकें।




एक नजर

लोकसभा निर्वाचन 2024

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित

## 6 विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को प्रात: 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में समाहित अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक समय नियत किया गया है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट,दंतेवाड़ा,बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रात: 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

# दंतेवाड़ा बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में गश्त सर्चिंग के दौरान दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा।** थाना किरंदुल के बोडेपल्ली, पुरंगेल,कुवेम,पीडिया क्षेत्र में दंतेवाड़ा,बीजापुर तथा सुकमा डीआरजी बस्तर फ़ाईटर्स एवम् सीआरपीएफ़ कोबरा का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकला हुआ है,। गश्त सर्चिंग के दौरान रात्रि में प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गये थे जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर के लिये एयरलिफ़्ट किया गया है।अभी रायपुर में हॉस्पिटल में दोनों घायल जवान का इलाज जारी है।दोनों जवान की स्थिति खतरे से बाहर है। थाना बीजापुर के गंगालुर थाना क्षेत्र में कई बड़े नक्सल केडर की उपस्थिति की आसूचना पर इलाक़े में सर्च अभियान निकाला गया था जिसमे पुलिस बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है।

# सूने मकान से जेवर पार

**रायपुर ।** ग्राम देवर तिल्दा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार वर्मा 45 वर्ष ग्राम देवर तिल्दा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर को पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सट्टा खिलाते युवक पकड़ाया

**रायपुर।** अभनपुर पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 नग सट्टा-पट्टी सहित नकदी 25950 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे क्रासिंग के पास ऊपरवारा में सट्टा खिलाते आरोपी चंद्रभूषण शुक्ला 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 8 नग सट्टा-पट्टी सहित नकदी 25950 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# सरेआम शराब पीते 36 गिरफ्तार

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने भावना नगर में सरेआम शराब पीते आरोपी सतीष निर्मलकर 54 वर्ष, सुरजीत गायकवार्ड 30 वर्ष व महेंद्र जांगडे 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी चतुर सागर 30 वर्ष व रामजी वर्मा 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी अजय कुमार साहू 38 वर्ष व श्याम बाबु 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी योगेश कुमार साहू 35 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी रितेश अधिकारी 31 वर्ष, विकाश सिंह 33 वर्ष, कुणाल पटेल 24 वर्ष व निखिल वर्मा 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी परदेशी पटेल 40 वर्ष, गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी गोविंद ठाकरे 23 वर्ष, पूरन चंद कुर्रे 32 वर्ष, अरविंद यादव 46 वर्ष, त्रिभूज पवार 26 वर्ष, हरीश तिवारी 52 वर्ष व राहुल सिंह 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी जयलाल जगत 31 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी मन्नु नायक 43 वर्ष एवं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी सौरव सिंह ठाकुर 31 वर्ष, रवि राव 32 वर्ष व तारकेश्वर राव 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# हुड़दंग बाजी कर अशांति फैलाने वालों के खिलाफ किरन्दुल पुलिस की कार्यवाही



**किरंदुल बचेली।** किरंदुल नगर में आये दिन शराब सेवन कर हो-हल्ला करने व अशांति फैलाने वाले 03 बदमाशों - 01. संतोष बघेल पिता स्व. दमोदर बघेल उम्र 32 वर्ष पता सिंगारपुर कैम्प वार्ड क्र. 17 किरन्दुल थाना किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.)। 02. राजकुमार भास्कर पिता देवाराम भास्कर उम्र 32 वर्ष निवासी सिंगारपुर कैंप, वार्ड क्रमांक 15 किरन्दुल, थाना किरन्दुल, जिला- दंतेवाड़ा (छ0ग0)। 03. शेखर नाग पिता स्व. मंगलू राम नाग उम्र 23 वर्ष निवासी मांझीपारा बचेली, थाना बचेली के विरुद्ध धारा- 151 जा.फौ. के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

किरंदुल में इन दिनों शराबियों का इस तरह आए दिन कोई ना कोई नई-नई वारदातें होती रहती है

किरंदुल कि हर गली चौक चौराहों पर आदिवासी ग्रामीणों के द्वारा अवैध देशी शराब की पसरा खुली हुई है जहा लोगो का हुजूम लगा रहता है नसे की हालत मे गिरे पड़े रहते है कई ऐसी जगह है जहा स्कूल के बच्चों को आना जाना होता है और उन शराबियों के द्वारा अपशब्दों का प्रयोग होता है ऐसी जगह को भी पुलिस प्रशासन को चिन्हित कर कारवाही करनी चाहिए जिस से इन बच्चों को स्कूल आने जाने मे सुविधा हो।

# दंतेवाड़ा के मंडई मेले में आज ''गंवर मार'' का होगा रस्म इस रस्म को देखने के लिए उमड़ती है भीड़



**दंतेवाड़ा ।** फागुन मड़ई के सातवें दिन गंवर मार जैसी महत्वपूर्ण रस्म होती है। इस दिन रात्रि के अंतिम पहर में ''गंवर'' शिकार का प्रदर्शन किया जाता है। फागुन मड़ई में सम्पन्न होने वाले शिकार नृत्यों में ''गंवर मार'' सबसे लोकप्रिय है। बस्तर में पाये जाने वाले दुर्लभ प्रजाति के ''वन भैसा (गौर)'' को स्थानीय हल्बी बोली में गंवर कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि मंडई में सम्पन्न होने वाले शिकार नृत्यों में ''गंवर मार'' नृत्य की रस्म सबसे भिन्न होती है। इसमें स्थानीय समरथ परिवार के व्यक्ति का ''गंवर'' का रूप धारण करता है तथा इसका शिकार का प्रदर्शन माई जी के प्रधान पुजारी द्वारा किया जाता है। इस रस्म की शुरुआत माई जी के मंदिर से बॉस के टोकरे में कलश स्थापना स्थल एवं प्रसाद ले जाने के साथ होती है। इसके बाद सेमर के कंटीले वृक्ष से तैयार ''पंडाल गुड़ी'' की लकड़ी से ''नरसिंग देव'' की चौकोर आकृति तैयार की जाती है। इस नरसिंग देव की विशेष आकृति को चार व्यक्ति कंधे पर लेकर मेंडका डोबरा की ओर जाते है। इसके सामने ग्रामीण हाथ में गमछे को लपेटकर कोडे की तरह बनाकर भागते हुए रास्ते में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर प्रहार करते चलते है। नरसिंग देव की सवारी कलश स्थापना स्थल से होकर दूसरे रास्ते से वापस सिंह ड्योढ़ी की ओर लायी जाती है। इसके बाद वहीं ग्रामीण लंगोट धारण कर पंडाल गुड़ी से कलश स्थापना स्थल की ओर जाते हैं। इस दौरान 12 विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा इस ''गंवर'' का पीछा कर हांका लगाने का अभिनय किया जाता है। उनके साथ जिया बाबा शिकारी के रूप में बंदूक लिये होते है। इधर-उधर भागने के बाद गंवर छुप जाता है।

तत्पश्चात थक-हारकर ग्रामीणों द्वारा अपने साथ एक ''सिरहा'' को लेकर देवी का आह्वान किया जाता है, जिसके माध्यम से गंवर का पता मिलता है। इसके बाद गंवर का प्रतीकात्मक शिकार प्रधान पुजारी द्वारा अपने बंदूक से हवाई फायर कर किया जाता है। इसके बाद के क्रम में माई जी के मंदिर एवं पंडाल गुडी में गंवर मार रस्म की प्रक्रिया को फिर से दोहराई जाती है। इस प्रकार ''गंवर मार'' रस्म का समापन हो जाता। कल मंडई के नौवें दिन नवम पालकी निकलती है, जिसमें आवंरामार, ''गारी'' कार्यक्रम एवं होलिका दहन रस्म का आयोजन होगा।

# पिनकापार के ग्रामीण करेंगे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

## पानी टंकी व पेय जल के साथ निस्तारी की समस्या से परेशान

बालोद। पेयजल सहित निस्तारी की समस्या से जूझ रहे ग्राम पिनकापार के लोगों ने समस्या हल करने अफसरों द्वारा ध्यान नहीं देने से व्यथित होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अनेक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौपा है।



ज्ञापन में समस्याओं का वर्णन देते हुए कहा गया है कि समस्या का हल नहीं होने से ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने मजबूर हैं।

बालोद जिला के लोहारा ब्लाक के ग्राम पंचायत पिनकापार में पेयजल हेतु निर्माणाधीन पानी टंकी एवं पाईप लाईन का निर्माण अब तक ना हो पाने से पेयजल संकट से यहां के लोग जूझ रहे हैं। लगातार ध्यानाकर्षण करने के बाद भी विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से ग्रामवासियों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत्त विगत 02 वर्षों से पानी टंकी निर्माणाधीन है। जिसमें पोताई का कार्य बाकी है तथा टंकी में पानी चढ़ाने एवं उतारने का पाईप नहीं लगा है। इसके अलावा गली में पाईप लाईन का कार्य भी नहीं हुआ है। पहले गांव में पाईप लाईन बिछा हुआ था जिससे गांव के एक नलकुप से जोड़कर डायरेक्ट पानी सप्लाई का कार्य हो रहा था, जिससे पानी की पूर्ति भी हो रही थी, किन्तु उक्त पाईप लाईन को सड़क किनारे नाली बनाते समय एवं पेवर ब्लॉक लगाते समय क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिसके कारण अब तक उक्त पुराने पाईप लाईन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस प्रकार ग्राम पिनकापार में उपरोक्त कारणों से 02 वर्षो से पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो गयी है। जो वर्तमान समय में विकराल रूप धारण कर लिया है। आगामी गर्मी के समय में पानी के अभाव में लोग अभी से चिंतित है जिसकी सूचना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला-बालोद (छ.ग.) एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला-बालोद (छ.ग.) को कई बार आवेदन दिया गया है। इसके अलावा जिला पंचायत बालोद के सामान्य सभा की बैठक दिनांक 13 मार्च 2024 को विधायक गुण्डरदेही की ओर से उनके प्रतिनिधि द्वारा इस विषय को अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया था। फिर भी अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।

जिससे समस्त ग्रामवासी आक्रोशित हैं। तथा सभी एक मत होकर ग्राम की बैठक मे (आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिये हैं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर ज़िला प्रशासन के 'स्वीप रसरंग' कार्यक्रम में हुई शामिल

## नागरिकों को शपथ दिलाते हुए मतदान करने का किया आग्रह, वोट देबर जाबो जी, चुनई तिहार मनाबो जी- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी








रायपुर । लोकसभा निर्वाचन–2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज ज़िला प्रशासन द्वारा रायपुर–कला केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप रसरंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले शामिल हुई।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि खूबसूरत कला केंद्र परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम से हर्षित महसूस हो रहा है। युवा शक्ति लोकतंत्र की बहुत बड़ी शक्ति है और लोकतंत्र के सम्मान में मतदान आवश्यक है। उन्होंने मोहल्ले, सोसायटी में शत–प्रतिशत मतदान के लिए अपील करने का आग्रह किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वोट देबर जाबो , चुनई तिहार मनाबो कहते हुए मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करना देश सेवा की बड़ी जिम्मेदारी है,सभी को नागरिकों को बूथ में पहुंचकर मतदान करना चाहिए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की रीढ़ है और शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि स्वीप के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जा रहा है।

साथ ही सेल्फी पाइंट में फोटो खींचकर सोशल मीडिया में अपलोड करने वाले और अधिक से अधिक लाइक पाने वाले मतदाताओं को पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस अवसर पर एसएसपी श्री संतोष सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। स्वीप कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग ने आकर्षक प्रस्तुति दी , जिन्हे सम्मानित भी किया गया।शानदार कार्यक्रम रहा। इसके लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य अधिकारीगण, शहर के एन जी ओ भी उपस्थित थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सेल्फी जोन में खिचवाई फोटो

लोक कला केंद्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन बनाया गया। जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भी फोटो खिचवाई और मतदाताओं के नाम संदेश देते हुए मतदान अवश्य करें की अपील की।

### आकर्षण का केन्द्र रहा स्वीप खिचडी

मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में स्वीप खिचड़ी का भी आयोजन किया गया, जो काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि, वरिष्ठ अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों ने स्वीप खिचड़ी को चखा और इस आयोजन की सरहाना की गई।

### शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मंत्रमुग्ध

*मतदाता जागरूकता आधारित कार्यक्रम में कला केंद्र के बच्चों और युवाओं ने शानदार प्रस्तुति दी। गाने, संगीत, नाटक सहित कई प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम पश्चात बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मान किया। इस कार्यक्र में शहर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।*

# कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन कर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**रायपुर।** माता यशोदा और कौशल्या भक्ति तथा क्रोध रावण रूपी दानव का स्वरूप हैं। भक्ति में भगवान को बुलाने की ताकत है वहीं क्रोध व्यक्ति के पतन का कारण बनता है। ग्राम झीपन में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा व्यास पंडित उपेन्द्र शर्मा खुड़मुड़ी तिल्दा वाले ने श्री राम और श्रीकृष्ण अवतार, राजा अंबरीष, गंगा अवतरण, कृष्ण लीला, माखन चोरी आदि कथाओं को सुनाते हुए कहा कि जीवन का सारा आनंद हमारे भीतर ही है।

हमें उस आनंद को समझना होगा, लेकिन लोग आजकल आनंद को बाहर ढूंढते हैं। उन्होंने कहा कि संसार की वस्तुओं में जो हम अनुभव करते हैं वह केवल विषयानंद है जबकि अंतर मन से प्रभु का नाम लेना, चिंतन, मनन करना, कथा श्रवण करने में वास्तविक आनंद हैं, जो कभी एक बार समा जाए तो कभी समाप्त नहीं होता।

कृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान निकाली गई झांकी और गाए गए सुमधुर भजन पर श्रोतागण भाव विभोर होकर थिरक उठे और जमकर नृत्य प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजकों की ओर से तिल का लड्डू और काके चाय पिलाया गया। आचार्य श्री ने कहा कि आज लोग अपने भीतर रावण रूपी क्रोध को पाल रखे हैं। इसलिए राम रूपी आनंद को नहीं समझ पा रहे हैं । त्रेता युग में राम ने भले ही रावण यह शरीर का वध कर दिया था परंतु क्रोध रूपी रावण प्रत्येक व्यक्ति के भीतर आज भी जीवित है। जब तक काम, क्रोध, वासना रूपी रावण जिंदा है तब तक आनंद रूपी राम का अनुभव नहीं हो सकता, इसलिए क्रोध रूपी रावण को मारने के लिए हमें राम नाम का जाप करना होगा तभी हम व्यसन और दुर्गुण से मुक्त हो पाएंगे।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए दिलाई शपथ

## मतदाता जागरूकता के लिए स्कूल और कॉलेज को रचनात्मक कार्य करने का आग्रह : कलेक्टर डॉ. सिंह



**रायपुर** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूल और कॉलेज के प्रतिनिधियों के कार्यशाला में शामिल हुए और उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उपस्थित प्रतिनिधियों को शपथ भी दिलाई।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्कूल और कॉलेज अधिक से अधिक रचनात्मक कार्य करें। रचनात्मक कार्य से स्कूल और कॉलेज की पहचान बनेगी और प्रशासन भी प्रोत्साहन करेगा। मतदाता जागरूकता के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएं। साथ ही आचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी कार्यालयों में आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इस पर भी विशेष ध्यान रखा जाएं।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप ने कहा कि युवा मतदाता किसी भी प्रकार से मतदान से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्कूल और कॉलेज की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मतदाता जागरूकता के लिए स्कूल और कॉलेज द्वारा टूर्नामेंट आयोजित किया जाएं।

मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी गई। नगर व वार्डों के चौक– चौराहें, सोशल मीडिया, महाविद्यालय, विद्यालय, शहरी क्षेत्रों में, दिव्यांग मतदाता, अन्य शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार–प्रसार करने के बारे में बताया गया। साथ ही सक्षम एप, वोटर हेल्पलाइन एप और सी–विजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर शासकीय और अशासकीय विद्यालय व महाविद्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अपराध

### आधी रात राजधानी में सड़क हादसा,2 की मौत



**रायपुर।** रायपुर के पीटीएस माना चौक के पास आधी रात बाइक सवार युवक–युवती हादसे का शिकार हो गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रायपुर के माना कैम्प के पास बीती आधी रात बाइक सवार युवक – युवती को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।मृतक का नाम अमन तिवारी पिता अनिल तिवारी (22) पता महाराजपुर जिला थाना कवर्धा जिला कवर्धा है। वहीं मृत युवती की पहचान आडिजा पोद्दार पिता मनोज पोद्दार (21) पता मकान नंबर 758 सेक्टर 2 डीडी नगर के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों अपने– मोटर सायकल से घूमने के लिए एयरपोर्ट निकले थे। पी टी एस चौंक के पास कोई अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मौके पर बाइक सवार युवक–युवती की मौत हो गई। फिलहाल थाना माना कैम्प पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### सूने मकान से जेवर पार

**रायपुर** ।ग्राम देवर तिल्दा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने–चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार वर्मा 45 वर्ष ग्राम देवर तिल्दा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने–चांदी के जेवर को पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### होली पर्व पर 25 मार्च को शराब दुकान रहेगा बंद

#### कलेक्टर साहू का आदेश,मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के समस्त देशी, कम्पोजिट और विदेशी मदिरा की दुकानों को होली पर्व पर 25 मार्च को बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है और आदेश जारी किया है। इस शुष्क दिवस को जिले में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### कुसमुंडा में 240 टन के डंपर आपस में टकराए, बाल- बाल बचे आपरेटर

**कोरबा** ।साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की कुसमुंडा खदान में 240 टन क्षमता के दो डंपर में टक्कर हो गई। घटना में दोनों डंपर के आपरेटर बाल– बाल बच गए। जानकारी मिलने पर शिफ्ट इंचार्ज अन्य अधिकारी स्थल पर पहुंचे और दोनों आपरेटर को पहले उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# अमर गिडवानी और तेज़ कुमार बजाज हुए भाजपा में शामिल



**रायपुर।** रायपुर में कांग्रेस नेता अमर गिदवानी और तेज कुमार बजाज ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा ज्वॉइन किया है। भाजपा प्रवेश करने से पहले कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और शहर जिला कांग्रेस कमेटी को लेटर जारी कर बताया कि मैं अमर गिदवानी और तेज कुमार बजाज कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं, स्वीकार करने का कष्ट करें। बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर लोकसभा के सभी 7 विधायक मंत्रीगण के सामने भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, श्रीचंद सुंदरानी, ललित जैसिंघ, सचिन मेघानी, सुनील कुकरेजा मौजूद रहे।

# होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

रायपुर। होली के त्योहार में बस 2 दिन बाकी हैं। ऐसे में गुरुवार को खरोरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक में डीएसपी विधानसभा, तहसीलदार, थाना प्रभारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल रहे।



बैठक में होली पर शांति–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा हुई। तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे ने शांति और सौहार्द्र के साथ होली खेलने की अपील करें। डीएसपी विधानसभा केसरी नंदन ने सभी को हेलमेट पहनने, सावधानी से गाड़ी चलाने, सुरक्षित स्थानों पर होलिका दहन करने, फूहड़ता से बचने, त्योहार के नाम पर किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगाएं। थाना प्रभारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी तरह की आपात स्थिति में डायल 112 या थाने की पुलिस को सूचित करें। बैठक में कानून–व्यवस्था, पुलिस गश्त, अनाउंसमेंट अपील कराने, बिजली आपूर्ति, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी सुझाव दिए।

### हुड़दंगियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

*इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर में होली पर चौक–चौराहों के अलावा मुख्य जगहों पर पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही पेट्रोलिंग टीम शहर में घूमती रहेगी।*

*बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, जनपद सभापति प्रतिनिधि अनिल सोनवानी, उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स सचिन अग्रवाल, सूरज सोनी, भूपिंदर सलूजा, संदीप छाबड़ा, कोटवार, शांति समिति के पदाधिकारी और शहरवासी मौजूद रहे।*

# सख्त हुआ सी बी एस ई - राजधानी के दो स्कूलों की मान्यता रद्द




**रायपुर।** डमी स्कूलों पर सीबीएसई द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। देशभर के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी गई है। इसमें दो विद्यालय राजधानी रायपुर के हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, जब सीबीएसई द्वारा छत्तीसगढ़ के किसी स्कूल पर इतनी बड़ी कार्रवाई की गई है।

राजधानी के द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल और विधानसभा स्थित विकॉन पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द कर दी गई है। इस सूची में शामिल स्कूलों में से 5 दिल्ली के और 2 उत्तरप्रदेश के हैं। इन स्कूलों के खिलाफ सीबीएसई को शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच के बाद यह एक्शन लिया गया है।

इन स्कूलों और कोचिंग के बीच चल रही सांठ–गांठ को भी उजागर किया था। कई कोचिंग सेंटर ऐसे हैं, जो इन स्कूलों का कमीशन तय रखते हैं। कोचिंग सेंटर अपने यहां अध्ययरत विद्यार्थियों का प्रवेश इन डमी स्कूलों में करवाते हैं। हालांकि कोचिंग सेंटर पर किसी तरह की कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।

सीबीएसई के नियमों के मुताबिक, कक्षा में छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य होती है।

इससे कम उपस्थिति होने पर छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाती है। विशेष परिस्थितियों में ही सीबीएसई द्वारा छात्रों को तय उपस्थिति में छूट दी जाती है। डमी स्कूल छात्रों का प्रवेश ले लेते हैं, लेकिन कक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होती है। स्कूल छात्रों की फर्जी उपस्थिति दर्शा देते हैं। विद्यालयीन समय में छात्र कोचिंग सेंटर में होते हैं। समान्यत: दसवी से बारहवीं कक्षा तक अध्ययनरत छात्रों के मामले में इस तरह के डमी स्कूल के मामले सामने आते रहे हैं।

- द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, रायपुर, छत्तीसगढ़
- विकॉन स्कूल, विधानसभा रोड, रायपुर
- प्रिंस विद्यालय, सीकर, राजस्थान
- ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल, जोधपुर, राजस्थान
- करतार पब्लिक स्कूल, कठुआ, जम्मू और कश्मीर
- राहुल इंटरनेशनल स्कूल, ठाणे, महाराष्ट्र
- पायनियर पब्लिक स्कूल, पुणे, महाराष्ट्र
- साई आरएनएस अकादमी, दिसपुर, गुवाहाटी, असम
- सरदार पटेल पब्लिक स्कूल, मिसरोद हुजूर, भोपाल
- लॉयल पब्लिक स्कूल, बुलंदशहर, उत्तरप्रदेश
- ट्रिनिटी वर्ल्ड स्कूल, गौतम बुद्ध नगर, यूपी
- क्रिसेंट कॉन्वेंट स्कूल, गाजीपुर, यूपी पीवीस पब्लिक स्कूल, मलप्पुरम, केरल
- मदर टेरेसा मेमोरियल सेंट्रल स्कूल, तिरुवनंतपुरम, केरल
- ज्ञान आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून, उत्तराखंड
- सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, दिल्ली
- भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, दिल्ली
- नेशनल पब्लिक स्कूल, दिल्ली

# कलेक्टर ने बरौदा की प्राथमिक शाला में खाया मध्यान्ह भोजन







**रायपुर।** रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस एस पी श्री संतोष सिंह एवं ज़िला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने आज शासकीय प्राथमिक शाला बरौदा, शासकीय प्राथमिक शाला दोंदेकला, शासकीय प्राथमिक शाला धनेली मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बरौदा के प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन कर के मीड डे मील में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता जाँचा। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस एस पी श्री संतोष सिंह एवं ज़िला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के अलावा रायपुर अनुविभागीय अधिकारी श्री नंदकुमार चौबे तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शासकीय प्राथमिक शाला धनेली(साँकरा) में कक्षा चौथी के छात्र अंश कुमार को केक काटकर दी शुभकामनाएँ**

## बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की फिल्म शैतान की पकड़ बरकरार



अजय देवगन और आर माधवन अभिनीत फिल्म शैतान का खुमार रिलीज के दूसरे सप्ताह में भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।हॉरर के साथ सस्पेंस के तड़के से भरपूर इस फिल्म को शुरुआत से दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है।शायद यही वजह है कि वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में यह बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक नोट छाप रही है।अब शैतान की कमाई के 13वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार 2.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 111.8 करोड़ रुपये हो गया है।



## गोल्डन ड्रेस में प्रग्या जैसवाल ने बिखेरे हुस्न के जलवे

### प्रज्ञा जैसवाल का लेटेस्ट फोटोशूट वायरल: कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जैसवाल अपनी खूबसूरती से मंत्रमुग्ध कर रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करने से फैंस के बीच गर्मी बढ़ जाएगी।

कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जयसवाल को उनकी खूबसूरती के बावजूद मौके नहीं मिल रहे हैं। हाल ही में इस हसीना ने एक बार फिर हॉट बम फोड़ा है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में प्रज्ञा गोल्डन ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस महिला की खूबसूरती पर लोग फिदा हैं। प्रज्ञा जायसवाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म खेल खेल में को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में प्रज्ञा अक्षय के साथ आने वाली हैं। प्रज्ञा अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। प्रज्ञा ने अपने लुक को पूरा करने के लिए खुला रखा हैं, सोशल मीडिया पर उनकी नई तस्तीरें काफी वायरल हो रही हैं। प्रज्ञा दिन-ब-दिन ग्लैमर का डोज बढ़ाती जाती है। इसके तहत वह हॉट फोटोशूट कराकर लोगों को आकर्षित करती हैं।

ये हसीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. अगर वह कोई पोस्ट डालती हैं तो वह सेकेंडों में वायरल हो जाता है. प्रज्ञा पन्ना हरे रंग की बालियां जैसे सहायक उपकरण चुनकर निर्दोष समन्वय का प्रदर्शन करती है जो पीले गाउन के साथ मेल खाते हैं। गाउन का बैकलेस डिज़ाइन प्रज्ञा के लुक में परिष्कार और आकर्षण का स्पर्श जोड़ता है। गाउन का चमकीला पीला रंग प्रज्ञा की त्वचा के रंग से पूरी तरह मेल खाता है, जिससे उसकी प्राकृतिक सुंदरता और चमक बढ़ जाती है। प्रज्ञा का चमकदार मेकअप उसकी विशेषताओं को बढ़ाता है और उसके समग्र स्वरूप में एक ग्लैमरस स्पर्श जोड़ता है, बोल्ड लाल लिपस्टिक नाटकीयता और आकर्षण का संकेत देती है। अपने बालों को झरझरा लहरों में खुला छोड़ते हुए, प्रज्ञा सहजता से अपना चेहरा ढाँक लेती है।

## दिव्या अग्रवाल ने अपने नवविवाहित जीवन के बारे में खुलकर बात की

### रेस्तरां मालिक और जिनफ्लुएंसर अपूर्वा पडगांवकर से अपनी हाई-प्रोफाइल शादी के बाद अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति के दौरान, बिग बॉस ओटीटी विजेता दिव्या अग्रवाल ने अपने नवविवाहित जीवन के बारे में खुलकर बात की।

दिव्या और अपूर्वा ने पिछले महीने पारंपरिक मराठी शादी की थी। अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से शादी करने पर खुशी जाहिर करते हुए दिव्या ने कहा, मेरी शादी का पहला महीना ही गुजर रहा है और यह बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी शादीशुदा जिंदगी का आनंद ले रही हूं। यह या तो ताज़ा लगता है या ऐसा लगता है जैसे हमारी शादी को कई साल हो गए हैं! इस बारे में बात करते हुए कि अपूर्वा और वह एक-दूसरे की कंपनी को कितना पसंद करते हैं, दिव्या ने कहा, हम हर चीज और किसी भी चीज के बारे में बात करते हैं। इसके बारे में सोचें, हम बहुत ज्यादा बात करते हैं, मेरा मतलब है कि कभी-कभी, मैं दोस्तों, परिवार और साथियों से छुट्टी लेना चाहती हूं। -कार्यकर्ता, लेकिन अपूर्वा और मैं दो ऐसे लोग हैं जिन्हें एक-दूसरे से छुट्टी की ज़रूरत नहीं है।

यह बताते हुए कि उन्हें एक साथ बांधने वाली बात क्या है, उन्होंने कहा, हम दोनों अलग हैं, लेकिन एक चीज जो हम दोनों में समान है वह यह है कि हम लोगों से प्यार करते हैं।

मनोरंजन उद्योग में दिव्या का सफर उल्लेखनीय रहा है। वह एमटीवी स्प्लिट्सविला 10 की उपविजेता और ऐस ऑफ स्पेस 1 की विजेता थीं। उन्होंने हॉरर वेब सीरीज रागिनी एमएमएस: रिटर्न्स 2 से अभिनय की शुरुआत की और एक्शन-ड्रामा वेब सीरीज कार्टेल में ग्रिसी नाम का किरदार निभाया।



## फिल्म क्रू का सॉन्ग चोली के पीछे रिलीज, करीना, तब्बू, कृति संग दिलजीत ने बिखेरा 90 के दशक का जादू




फिल्म क्रू के ट्रेलर और टीजर में जो ट्यून्स हमने सुनी थी, वो अब रिलीज हो चुकी हैं. जी हां, आइकॉनिक चोली सॉन्ग को मेकर्स ने अब इस होली सीजन के लिए अपनी प्लेलिस्ट में एक परफेक्ट एडिशन के रूप में रिलीज कर दिया है. 90 के दशक के वाइब्स को याद करते हुए, नया वर्जन एक दम मजेदार है, जिसमें दिलजीत दोसांझ की आवाज ने चार चांद लगा दिए है.

बेसब्री से इंतज़ार किए गए गाने चोली को अब आखिरकार रिलीज कर दिया गया है और कहना वाजिब है कि यह एक अल्टीमेट होली सॉन्ग है. एक पार्टी के बैकड्रॉप पर सेट इस गाने में करीना कपूर खान अपने हॉट अवतार में किलर मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं. गाने की कोरियोग्राफी फराह खान ने की है.

दिलजीत दोसांझ की आवाज में इस 90 के दशक के इस आइकॉनिक सॉन्ग को रीक्रिएट किया गया है, जो होली पार्टी के लिए एक परफेक्ट वाइब सेट कर रहा है. यह आइकॉनिक गाना चोली के पीछे का सबसे अच्छा वर्जन है. गाना फिल्म के कुछ पलों को भी कैप्चर करता है. चोली सॉन्ग को मुंबई में एक अनोखे तरीके से लॉन्च किया गया है. यह पहली बार है जब किसी गाने को वीडियो होर्डिंग पर लॉन्च किया गया है.

करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू की मचअवेटेड फिल्म क्रू को लेकर दर्शकों के बीच गजब का बज बना हुआ है।

## श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की वापसी हॉरर-कॉमेडी कपकपी के साथ, मोशन पोस्टर हुआ रिलीज




एक्टर श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की जोड़ी फिर एक फिल्म में साथ दिखाई देने वाली है। उनकी नई मूवी 'कपकपी' का एलान हो गया है। अब इसी बीच हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कई जानकारी फैंस के साथ शेयर की गई है। आपको बता दें कि 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके डायरेक्टर संगीथ सिवन ने फिल्म की कमान संभाली है। वहीं, सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने इसकी स्क्रिप्ट लिखी है। जयेश पटेल के ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले 'कपकपी' को प्रोड्यूस किया गया है। अब इसी बीच एक्टर श्रेयस तलपड़े ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इसका मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की कमाई की रफ्तार धीमी, अदा शर्मा की बस्तर का निकला दम




सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी फिल्म योद्धा की रिलीज को छह दिन पूरे हो गए हैं।इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी जैसे सितारे मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं।तमाम सितारों की उम्दा अदाकारी ने बेशक दर्शकों को दिल जीत लिया हो, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।हर गुजरते दिन के साथ योद्धा की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।

अब योद्धा की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बुधवार को योद्धा ने 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 23.25 करोड़ रुपये हो गया है।टिकट खिड़की पर योद्धा का मुकाबला अजय देवगन-आर माधवन की फिल्म शैतान और अदा शर्मा की फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी से हो रहा है।

दूसरी ओर, द केरल स्टोरी की तिकड़ी ने इस बार बुरी तरह निराश किया है। डायरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल शाह और एक्ट्रेस अदा शर्मा की फिल्म बस्तर: द नक्सल स्टोरी चारों खाने चित हो चुकी है। इस फिल्म की हालत यह है कि बुधवार को छठे दिन यह 20 लाख रुपये भी नहीं कमा सकी और 17 लाख के नेट कलेक्शन पर ही इसकी सांसें फूल गईं। फिल्म की ऑडियंस ऑक्यूपेंसी भी बुधवार को 7% है।

# खेल




चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग की रंगारंग शुरुआत के बाद शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच पहला मैच खेला गया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। चेन्नई ने 18.4 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। बेंगलुरु के विराट कोहली ने पारी में छठा रन बनाते ही टी-20 फॉर्मेट में 12 हजार रन पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय बैटर बने।

## कोहली 12 हजार टी-20 रन बनाने वाले पहले भारतीय

### कार्तिक-रावत ने CSK के खिलाफ छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी की

#### कोहली के 12 हजार टी-20 रन पूरे

विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे किए। टी-20 क्रिकेट में घरेलू, इंटरनेशनल और लीग क्रिकेट शामिल हैं। सभी को मिलाकर उन्होंने 12 हजार रन का आंकड़ा पार किया। वह 12 हजार का मार्क छूने वाले दुनिया के छठे और भारत के पहले ही बैटर बने। टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने 14,562 रन बनाए हैं।

#### कोहली सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले बैटर में दूसरे नंबर पर

कोहली ने 360वीं पारी में 12 हजार रन का आंकड़ा पार किया। वह सबसे तेजी से इस रिकॉर्ड तक पहुंचने वाले बैटर्स में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उनसे पहले क्रिस गेल ने ही 345 पारियों में 12 हजार रन पूरे कर लिए थे।



#### CSK के खिलाफ विराट के एक हजार रन पूरे

विराट कोहली के CSK के खिलाफ भी एक हजार रन पूरे हो गए। उन्होंने चेन्नई के खिलाफ 15वां रन बनाते ही इस रिकॉर्ड को पार किया, उनके अब CSK के खिलाफ 1006 रन हो गए हैं। उनसे पहले शिखर धवन ही चेन्नई के खिलाफ एक हजार रन बना सके थे। विराट ने दिल्ली के खिलाफ भी एक हजार रन बनाए हैं। वह 2 टीमों के खिलाफ एक हजार से ज्यादा IPL रन बनाने वाले दूसरे बैटर बने। उनसे पहले डेविड वॉर्नर भी पंजाब और कोलकाता के खिलाफ एक हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं।

#### कार्तिक और रावत ने की रिकॉर्ड पार्टनरशिप

*दिनेश कार्तिक और अनुज रावत ने RCB के लिए छठे विकेट के लिए 95 रन की पार्टनरशिप की। यह टीम के लिए छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप रही। इससे पहले साल 2022 में भी कार्तिक ने ही शाहबाज अहमद के साथ 97 रन जोड़े थे।*

#### CSK के खिलाफ पहली बार किसी जोड़ी ने 90 से ज्यादा रन जोड़े

*IPL में CSK के खिलाफ छठे विकेट की सबसे बड़ी पार्टनरशिप का रिकॉर्ड अनुज रावत और दिनेश कार्तिक के नाम हो गया, दोनों ने 95 रन जोड़े। इससे पहले 2021 में कार्तिक ने ही CSK के खिलाफ आंद्रे रसेल के साथ मिलकर 81 रन की पार्टनरशिप की थी। तब कार्तिक कोलकाता के लिए खेलते थे।*

## एक नजर

## श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए मुशिफकुर रहीम

**चटगांव ।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम अंगूठे की चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते समय मुशिफकुर के अंगूठे पर गेंद लग गई थी। मैच के बाद हुई जांच से पता चला कि मुशिफकुर के अंगूठे में फ्रैक्चर है। बांग्लादेश के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने पुष्टि की कि मुशिफकुर श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनके चार सप्ताह तक बाहर रहने की उम्मीद है।




आईसीसी ने बायजेदुल के हवाले से कहा, मैच के बाद, मुशिफकुर का ढाका में स्कैन हुआ, जिसमें उनके दाहिने अंगूठे में फ्रैक्चर का पता चला। इसलिए, लगभग तीन से चार सप्ताह तक उनके बाहर रहने की संभावना है। हालांकि, बीसीबी ने अभी तक रहीम के लिए किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। बांग्लादेश ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती है, जबकि मेजबान श्रीलंका ने टेस्ट श्रृंखला की ओर बढ़ने से पहले वनडे सीरीज 2-1 से जीती। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेली जानी वाली यह टेस्ट सीरीज 2023-25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है।

## धोनी के डायरेक्ट हिट से रनआउट हुए अनुज रावत

### रचिन-रहाणे का बाउंड्री पर शानदार कैच, गले मिले माही और कोहली

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में शुक्रवार को चेन्नई और बेंगलुरु के बीच पहला मैच खेला गया। चेपॉक स्टेडियम में होम टीम CSK ने मुकाबले को 6 विकेट से जीता। मैच में भारत के दिग्गज बैटर्स एमएस धोनी और विराट कोहली गले मिलते नजर आए। धोनी ने डायरेक्ट हिट मारकर अनुज रावत को पवेलियन भेजा। वहीं अजिंक्य रहाणे ने रचिन रवींद्र के साथ मिलकर बाउंड्री पर बेहतरीन जगलिंग कैच पकड़ा।



#### कोहली और धोनी पिच पर गले मिले

RCB के विराट कोहली पहले मैच में कप्तान फाफ डु प्लेसिस के साथ ओपनिंग करने उतरे। पिच पर आते ही वह चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के गले लग गए। दोनों ने कुछ देर हंसी-मजाक किया और फिर कोहली बल्लेबाजी के लिए गए। वहीं धोनी ने अपनी विकेटकीपिंग की पोजिशन ली। कोहली ने मैच में 20 बॉल पर 21 रन बनाए। विराट और धोनी दोनों ही भारतीय टीम और अपनी फ्रेंचाइजी के पूर्व कप्तान हैं। दोनों खिलाड़ी शुरुआती सीजन (2008) से IPL खेल रहे हैं।

विराट और धोनी दोनों ही भारतीय टीम और अपनी फ्रेंचाइजी के पूर्व कप्तान हैं। दोनों खिलाड़ी शुरुआती सीजन (2008) से IPL खेल रहे हैं।

IPL 2024 की पहली बॉल वाइड रही। RCB के लिए विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने ओपनिंग की। दीपक चाहर बॉलिंग करने आए। स्ट्राइक पर खड़े कोहली को चाहर ने ऑफ साइड के बाहर गुड लेंथ बॉल फेंकी।

## भारतीय एमेच्योर टीम 44वें क्वीन सिरिकिट कप में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**नई दिल्ली ।** विधात्री उर्स, ज़ारा आनंद और हीना कांग की भारतीय एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ियों की तिकड़ी शुरू होने वाले क्वीन सिरिकिट कप के लिए न्यूजीलैंड, क्राइस्टचर्च में क्लियरवॉटर गोल्फ क्लब में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन महिला एमेच्योर को भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) द्वारा उनके प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के वार्षिक कैलेंडर के हिस्से के रूप में भेजा गया है, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। आईजीयू ने इस आयोजन के लिए सुनीता कटारिया को टीम मैनेजर नियुक्त किया है। दिलचस्प बात यह है कि अवनि प्रशांत, विधात्री और निश्ना पटेल की भारतीय एमेच्योर टीम पिछले साल मनीला में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अभूतपूर्व उपविजेता रही थी। इसके अलावा, अवनि ने व्यक्तिगत खिताब जीत कर 43 साल का इंतजार खत्म किया था।




ज़ारा, जो पिछले साल दिल्ली गोल्फ क्लब में राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा थी, न्यूजीलैंड में इस आयोजन के 44वें संस्करण में अपनी पहली उपस्थिति के लिए उत्साहित है। क्राइस्टचर्च में प्रैक्टिस के दौरान ज़ारा ने कहा, मैं पहली बार क्वीन सिरिकिट कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। भारतीय टीम पिछले साल उपविजेता रही थी जिससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारी टीम न्यूजीलैंड में यादगार प्रदर्शन करेगी।

## आईटीटीएफ रैंकिंग में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बने शरत कमल

**नई दिल्ली ।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने हाल ही में सिंगापुर स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद नई अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) रैंकिंग में लंबी छलांग के साथ भारत का नंबर 1 स्थान हासिल किया। सिंगापुर स्मैश में शरत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर के रूप में प्रतियोगिता शुरू करने के बावजूद, 41 वर्षीय शरत विश्व नंबर 13 डार्को जोर्जिक और 22 उमर असार को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष एकल स्वर्ण पदक विजेता ने पुरुष एकल रैंकिंग में 88वें स्थान से 34वें स्थान तक का सफर तय किया। हरमीत देसाई (65वें) और मानव ठक्कर (74वें) शीर्ष 100 में दो अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला एकल में, मनिका बत्रा सर्वोच्च रैंक वाली भारतीय पैडलर के रूप में शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। उन्होंने सूची में दो स्थान नीचे 38वें स्थान पर खिसकने के मामूली झटके के बावजूद अपनी स्थिति बरकरार रखी है। इस बीच, श्रीजा अकुला के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें तीन पायदान आगे 47वें स्थान तक पहुंचा दिया जिससे अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस क्षेत्र में भारत की ताकत और मजबूत हो गई है।



# 24 मार्च विश्व टीबी दिवस पर डॉ. एफआर निराला ने टीबी बीमारी की दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के रूप में मनाते है। टीबी क्षय रोग याने बीमारियों का राजा के नाम से मशहूर टीबी रोग आज भी समुदाय में मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। आइए आज इसे प्रश्नोत्तरी के रूप में उत्तर जाने, टीबी रोग किस कारण से होता है। टीबी एक बैक्टेरिया जीवाणु के कारण होता है जिसे माइको बैक्टेरिया ट्यूबरक्लोसिस कहते है। इस बैक्टेरिया की खोज किसने और कब खोज की माइकोबैक्टरिया ट्यूबरक्लोसिस की खोज राबर्ट कोच के द्वारा वर्ष 1882 में की गई 24 मार्च को की गई। 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस क्यों मनाते हैं। एवम इसकी शुरुआत कब से हुई है। 24 मार्च 1882 को टीबी की बैक्टेरिया की खोज होने के कारण प्रति वर्ष 24 मार्च की विश्व टीबी दिवस के रूप में मनाते है। इसकी शुरुवात वर्ष 1982 से हुई है तीबी की बैक्टेरिया की खोज के 100 साल बाद विश्व टीबी दिवस के रूप में मानना प्रारंभ हुई है। क्या टीबी की बीमारी संक्रामक होती है। हा टीबी की बीमारी संक्रामक होती है। एक टीबी के मरीज उपचार नही लेने से या देरी से उपचार प्रारंभ करने पर संपर्क में आए अनेकों लोगों को ग्रसित कर सकता है। टीबी की बीमारी कैसे फैलती है। टीबी की बैक्टेरिया ड्रॉपलेट मैथड से फैलती है। खांसने, छिकने से बैक्टेरिया बाहर आती है और बैक्टेरिया हवा में फैल जाती है। टीबी की बीमारी कहां कहा होती है। टी बी कि बीमारी मुख्यत: फेफड़े की बीमारी है लेकिन इसकी बैक्टेरिया शरीर के अन्य हिस्से को भी प्रभावित करती है। टी बी कि बीमारी से कितने लोग प्रभावित होते है। टीबी की बीमारी से देश में प्रतिवर्ष 10 मिलियन से ज्यादा लोग संक्रमित होते है। टीबी की बीमारी क्या जानलेवा होती है। जी हां टीबी की बीमारी एक जानलेवा बीमारी है। बिना उपचार के लोगों की मृत्यु दर ज्यादा होती है। टीबी से कितने लोग मर रहे है। टीबी से प्रतिवर्ष 3 से 5 लाख लोगों की मृत्यु हो रही है भारत में कुल मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। आमतौर मृत्यु का नौवा कारण है। भारत में प्रति दिन 1400 लोगो की मृत्यु हो रही ह। टीबी के कारण प्रति घंटे लगभग 60 लोगों की मौत हो रही है अर्थात प्रति मिनट एक टीवी पीड़ित की मौत हो रही है। क्या टीबी परिवार के अन्य सदस्यों को हो सकती है टीबी की बीमारी परिवार में किसी एक का संक्रमित होने पर घर के अन्य सदस्यों को टीबी फैला सकती है। यदि उपचार न ले रहा हो या देरी से टीबी की दवाई ले रहा हो तो ज्यादा लोगो को बीमारी फैला सकती है। टीबी की बीमारी में लक्षण क्या क्या होता है। टीबी की बीमारी होने पर लक्षण कुछ इस प्रकार से होते है जैसे ।दो सप्ताह से अधिक खांसी का होना। एक विशेष प्रकार की बुखार जो शाम को चढ़ती है देर रात पसीना के साथ छोड़ती है शाम होते ही पीड़ित व्यक्ति धूप या गरम जगह खोजता है।

खांसी के कारण सीने में दर्द होता है भूख कम लगती है वजन घटती है। बलगम में कभी कभी खून आती है। सांस फूलता है टीबी की बीमारी की पहचान कैसे होती है। बलगम की जांच में टीबी की बैक्टेरिया दिख जाती है। माइक्रोस्कोप में छाती की एक्सरे से भी पता चल जाता है। कभी कभी टीबी की बीमारी चमड़ी की टेस्ट करने पर भी पता चल जाता है।कोई गठाने वाला टीबी भी होता है। क्याशरीर के लिम्फ नोड में सूजन होती है ये भी टीबी के कारण हो सकता है टीबी की प्रचलित उपचार पद्धति क्या हैघ्टीबी की प्रचलित उपचार पद्धति डॉट्स है जिसे वजन के हिसाब से चिकित्सकों के परामर्श से दिया जाता है। डॉट्स प्रोवाइडर कौन हो सकते है। डॉट्स प्रोवाइडर कोई भी हो सकते है, लेकिन गावो में मितानिन को डॉट्स प्रोवाइडर बनाए गए है वैसे प्राइवेट सेक्टर में चिकित्सक भी बनाए गए है प्राइवेट चिकित्सक टीबी बीमारी की नियंत्रण में कैसे सहयोग करते है। टीबी एक नोटिफाइड बीमारी है शासकीय में तो इसकी जांच उपचार की व्यवस्था है ही लेकिन प्राइवेट सेक्टर में भी चिकित्सकों के द्वारा टीबी की पहचान होने पर अपने पास के शासकीय चिकित्सक को खबर करते है मितानिन को डॉट्स प्रोवाइडर बनने पर उन्हें कोई राशि मिलती क्या। हां मितानिन को उनके द्वारा शंका प्रद मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने पर और टीबी बीमारी चिन्हांकित होने पर केस डिटेक्शन के लिए मितानिन को इंसेंटिव दी जाती है। यही नहीं बल्कि मितानिन को डॉट्स की पूरी दवाई खिलाने पर उन्हे पृथक से इंसेंटिव और दी जाती है। प्राइवेट में केस नोटिफिकेशन होने पर चिकित्सक को भी इंसेंटिव दी जाती है। क्या डॉट्स की दवाइया दुकानों में मिलती है। नहीं डॉट्स की दवाइया प्राइवेट दुकानों में भी मिलती लेकिन टीबी की दवाइया कुछ चिन्हांकित दवाई की दुकानों में मिलती है जो पहले से नोटिफाइड है जो टीबी की दवाई की पूरी हिसाब रखते है। कोई भी अपंजीकृत मरीजों की पंजीयन में प्राइवेट दवा दुकानें सहयोग करते है क्या टी बी की बीमारी को समाप्त किया जा सकता है। हा टीबी की बीमारी को समाप्त किया जा सकता है बशर्ते समुदाय इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें पंचायत प्रतिनिधि इसको समझे पंचायत को टीबी मुक्त करने की शासन की मंशा है इसकी रणनीति भी बनाई गई है शासन भी अपनी एमडीआर नेशनल स्ट्रेगेटिक प्लान 2017-2025 में शामिल किया हुआ है 2025 तक टीबी की मरीज की संख्या को प्रति लाख आबादी में 45 से नीचे लाना है।

टीबी उन्नमुलन में पंचायत की योगदान कैसे होनी चाहिए। टीबी उन्नमुलन में पंचायतों की भूमिका मुख्य होती है जैसे। पंचायत प्रतिनिधि लोगो के साथ शपथ ले तय करे की वे अपने पंचायत को टीबी मुक्त बनाना है इसके लिए पंचायत में सबकी सहमति बने पंचायत में प्लान बनानी होगी। पंचायत में उपचारत मरीजों की जानकारी रखनी होगी। पंचायत को टीबी पीड़ित व्यक्तियों की सेहद की जानकारी रखनी होगी। पंचायत में टीबी पीड़ित व्यक्ति को अतिरिक्त पोषण आहार की व्यवस्था करनी होगी जिसे टीबी मित्र कहते है चुकी टीबी की बीमारी कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता होने के कारण ज्यादा होता है यदि बीमार व्यक्ति की पोषण आहार टीक हो जाय तो बेहतर होगा टीबी पीड़ित व्यक्ति के परिवार जन एवम पड़ोसियों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग करना लक्षण वालो की सैंपल लेना और उसकी जांच करवाना मुख्य है पंचायत में प्रति 1000 की जनसंख्या में 30 बलगम की जांच करवाने होंगे टीबी बीमारी की अपडेटेड रिपोर्ट तैयार रखने होंगे। टीबी पीड़ित व्यक्ति को डॉट्स नियमित रूप से मिले एकोई परेशानी हो,दवाई नियमित खाने की स्थिति में उन्हे आवश्यक समझाइ, देने है। पंचायत स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों से नियमित रूप से जानकारी। ले एवम उसकी मॉनिटरिंग करते रहे यदि पंचायत इंडस्ट्रियल एरिया हो तो ज्यादा से ज्यादा सैंपल लेना है। ऐसे एरिया में विशेष हेल्थ कैंप का आयोजन करना है पंचायत स्टर पर कोई भी टीबी के मरीज छूते नही सभी को डॉट्स नियमित रूप से मिलती रहे। क्या टीबी की बचाव के लिए कोई टीके विकसित हो चुके है। हां टीबी की बचाव के लिए टीके विकसित हो चुके है जिसे बच्चे की जन्म से 1 वर्ष के भीतर लगाई जाती है। इस समय बच्चे की पैदा होते ही टीके लगाए जा रहे है इसी कारण छोटे बच्चो में टीबी की बीमारी नहीं के बराबर नहीं टीबी की उपचार रत मरीज को क्या क्या सावधानियां बरतनी होगी। डॉट्स की दवाइया नियमित रूप से ले। प्रोटीन,विटामिन की मात्रा बढ़ाएं, वसा की मात्रा कम हो एखाने में फलों का सेवन करे।

टीबी पीड़ित व्यक्ति शराब,दारू बीड़ी सिगरेट हु आदिबकी सेवन नही करनी चाहिए। टीबी बीमार व्यक्ति कब तक जीवित रह सकता है, बिना उपचार के टीबी पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु जल्दी हो जाता है यदि अधूरा उपचार लेता है तब वह डिफॉल्टर हो जाता है जिसे डक्, एक्सडीआर हो जाने की स्थिति में मृत्यु दर बढ़ जाती है क्या टीबी के सभी लक्षण एक ही व्यक्ति में दिख सकता है नहीं कोई एक लक्षण दिखने पर भी उन्हें टीबी हो सकती है टीबी मुक्त पंचायत क्या होती है। शासन की मंशा है हर पंचायत टीबी मुक्त हो एक भी टीबी की मरीज न मिले इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है एक वर्ष के कम आयु के सभी बच्चों को बीसीजी की टीका लगे ऐसी व्यवस्था पंचायत को समन्वय करके करनी होगी।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पायलट को मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी पर चिंता जताने की बजाय अपनी पार्टी के प्रदर्शन की चिंता करनी चाहिए-जितेन्द्र वर्मा

## कांग्रेस नेताओ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की मांग की थी, अब आंसू क्यों बहा रहे-जितेन्द्र वर्मा

जोहार छत्तीसगढ़-दुर्ग।



**भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही का विरोध करती कांग्रेस इसीलिए जनता करती है कांग्रेस का विरोध-जितेन्द्र वर्मा**

भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट द्वारा मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी को लेकर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप को निराधार और मनगढ़ंत बताया है। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है जो अरविंद केजरीवाल के शराब नीति का विरोध करने के लिए बड़ी-बड़ी प्रेस कॉन्फ्रें स कर रही थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने बड़े-बड़े बयान दिए थे। जब मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई थी तब भी कहा था कि यह भ्रष्टाचार का मामला है। मनीष सिसोदिया से किसी को सिंपैथी रखने की जरूरत नहीं है। तो अब क्या हुआ कांग्रेस का स्टैंड क्यों बदल गयाघ् क्या इनके बीच कोई सौदा हुआ है। या फि र कोई लेनदेन हुआ हैए जिसके कारण विरोध से अब केजरीवाल के समर्थन में राहुल गांधी पोस्ट कर रहे हैं। सचिन पायलट को इस रुख का जवाब देना चाहिए। वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के तो डीएन, में भ्रष्टाचार रचा बसा है। आपदा को भी अपने भ्रष्टाचार के लिए अवसर बनाने में कांग्रेस कितनी माहिर है, इसे छत्तीसगढ़ ने पिछले पांच वर्षों के कांग्रेसी कुशासन में जनता ने देखा सुना और भोगा है। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पायलट को मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त करने के बजाय लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रदर्शन की चिंता करनी चाहिए। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत लगाकर भी केवल 52 सीटें जीत पाई थी। जबकि उसका गठबंधन 100 का आंकड़ा तक पार नहीं कर पाया। इस बार तो हालात कहीं अधिक बदतर हैं। वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हालत काफी दयनीय है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर पूर्व मंत्री तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के खिलाफ तो एफ आईआर तक दर्ज हो चुकी है। कांग्रेस के दर्जनों विधायक घोटाले के आरोपों में घिरे हुए हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने नेताओं पर सरेआम आरोप लगा रहे हैं। वर्मा ने कहा कि इंडी अलायंस पूरी तरह से बिखरा हुआ है। उस पर गठबंधन के सहयोगी दलों की कारगुजारियां ऐसी हैं कि लगातार उन पर जांच एजेंसियां अपना शिकंजा कस रही हैं। पहले झारखंड के कांग्रेस सांसद के घर में बड़ी मात्रा में कैश क्या भाजपा ने रखा था। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि बरामद किए गए नोटों को गिनते.गिनते मशीनें तक खराब हो गई लेकिन नोटों का अंबार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था। नोटों का यह जखीरा वहां के सीएम के संरक्षण के बिना कैसे संभव था। दिल्ली में केजरीवाल और उनके सिपहसालारों ने शराब के मामले में इतना घिनौना खेल खेला कि पहले उपमुख्यमंत्री और अब मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की बारी आ गई। सत्ता लोलुपता की ऐसी शर्मनाक मिसाल कभी देश ने नहीं देखी होगी कि केजरीवाल जेल में रहकर सरकार चलाना चाहते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के भीतर मचे घमासान और अंतर्कलह के कारण बस्तर में नामांकन की तिथि घोषित हो जाने के बाद भी कांग्रेस ने अब तक अपने प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया है। इसी तरह कांकेर, सरगुजा, बिलासपुर और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिए भी चुनाव कार्यक्रम और तारीखों का ऐलान हो जाने के बावजूद कांग्रेस अब तक अपने उम्मीदवार घोषित नहीं कर पाई है। कांग्रेस की इससे अधिक दुर्दशा और क्या हो सकती है कि कांग्रेस में प्रत्याशियों के लाले पड़ गए हैं। हर मोर्चे पर कांग्रेस की विफ लता, कांग्रेस में व्याप्त असंतोष को अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही कई मंचों पर प्रदर्शित कर रहे हैं। वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो वादा किया था। प्रदेश में सरकार बनते ही अपने 100 दिनों के कार्यकाल में उसमें से अधिकांश वादों को पूरा करके प्रदेश सरकार श्मोदी की गारंटी, को पूरा करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है और जनता के आशीर्वाद से भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश की सभी 11 सीटें जीतकर लोकसभा में श्अबकी बार 400 पार का संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए जन-जन तक पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर 400 से अधिक सीटें जीत कर सत्ता में वापसी करने वाली है। कांग्रेस डूबती नाव है, वह अपना पिछला प्रदर्शन दोहरा ले, वही उसकी बड़ी उपलब्धि होगी।

# अयोध्या से लौटकर सरपंच ने पूर्व मा. एवं प्रा. शाला के बच्चों को दिया न्यौता भोज

## दिवानमुडा पंचायत के सरपंच कंचन कश्यप ने विद्यार्थियों को बांटे प्रसाद और श्रीराम का लाकेट

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**देवभोग क्षेत्र में तीर्थ से लौटने के बाद भोज की परम्परा कोई नई बात नहीं है पर दिवानमुडा पंचायत के युवा सरपंच कंचन कश्यप अयोध्या धाम से लौटने के बाद गांव के लोगों को नहीं बल्कि प्रदेश के आव्हान पर स्कुली विद्यार्थियों को न्यौता भोज दिया।**










न्यौता भोज को लेकर जहां बच्चों में खुशी देखी गयी वहीं सरपंच ने बच्चों को अयोध्या धाम से लाये प्रसाद और श्रीराम का लाकेट बांटा। सरपंच के इस पहल की ग्राम पंचायत के लोगों ने जमकर तारीफ की वहीं सरपंच कंचन कश्यप का कहना है प्रदेश के मुखिया के आव्हान प्रशंसनीय है इसमें सभी जन प्रतिनिधियों को न्योता भोज आयोजित करना चाहिये।

### भोज की मर्यादा भूल गये शिक्षक, पैरों पर जूता था भोज में खड़े रहे बच्चों के बीच

जब कोई भोज चल रहा हो तो छग की संस्कृति रही है पैरों पर पदवेश नही होता लेकिन सरपंच के अयोध्या धाम से लौटकर दी गयी न्योता भोज में स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठक चंद्रशेखर विभार और भोलासिंह मांझी ये भूल गये की भोज में परोसते समय पदवेश तो उतार देना चाहिये पर शिक्षक भोज परोसते समय जुता पहनकर बच्चों के बीच खड़े रहे जिससे भोज का अपमान हुआ है। रसोईया कम पढ़े लिखे पर भोज की मर्यादा को समझते हैं इसलिये परोसते समय पैरों पर पदवेश नहीं था।

### गांव के तीन लोगों ने पांच तीर्थ क्षेत्र के भ्रमण का लिया था संकल्प

*जिस समय श्रीराम मंदिर में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव में अक्षत कलश आया था उसी समय ग्राम पंचायत के सरपंच कंचन कश्यप,पूर्व जनपद सदस्य पुरनधर यादव और शेषमल बिसी ने अयोध्या,गोप, वृन्दावन,मथुरा धाम का और बीते माह गांव में जब 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ आयोजन हुआ था तब शांतिकुंज हरिद्वार की यात्रा करने कि संकल्प लिया था। जिसे तीनों ने एक साथ पूरा किया।*

# गांजा के साथ दो युवक पकड़ाए

**रायपुर** । अभनपुर पुलिस ने ग्राम सातपारा में दबिश देकर गांजा के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सातपारा में दबिश देकर आरोपी दुर्गेश कुमार डहरे 24 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में धारा 144 लागू,कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने आदेश जारी किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने आचार संहिता लागू दिनांक से आदेश जारी कर जिले में 144 धारा लागू किया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144,1, एवं ;2, के अन्तर्गत निर्वाचन के दौरान शांति.व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला. सारंगढ़.बिलाईगढ़, के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा है। इसके अंतर्गत जिला. सारंगढ़.बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दुक, रायफ ल, पिस्टल, भाला, यल्लम, बरछा, तलवार, गुप्ती, खूखरी लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं,रैली, जुलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। जिला. सारंगढ़. बिलाईगढ़ में कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और आपत्तिजनक नारे नहीं लगायेगा। आपत्तिजनक पोस्टर आदि प्रदर्शित, वितरित नहीं करेगा। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दल, बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा। साथ ही किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, चक्का जाम एवं पुतला दहन किसी भी स्थिति में वर्जित रहेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आमसभा, जुलूस, घरना आदि आयोजित करने के 24 घंटा पूर्व उसकी विधिवत् लिखित सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा तथा अनुमति प्राप्त होने के बाद संबंधित राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति आम सभा, जुलूस, घरना आदि का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ के अन्तर्गत आने वाले नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी धार्मिक स्थल या उसके आस-पास 100 मीटर की परिधि में आमसभा का आयोजन नहीं करेगा और न ही धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी तरह के राजनैतिक प्रयोजनों हेतु करेगा। किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से किसी प्रकार के नारे.बाजी या प्रचार प्रसार एवं वक्तव्य का उद्घोष नहीं करेगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र, नारेबाजी या प्रचार प्रसार पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लघन करने वाला व्यक्ति, दल, भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश उन व्यक्तियों शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी शस्त्र रखना आवश्यक है तथा उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता वृद्धावस्था या दिव्यांग होने कारण सहकारी के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है।

# होलिका के समक्ष दहन के पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ता आमजनों के साथ करेंगे हनुमान चालीसा पाठ...युवाओं से जुड़ने की अपील अमितेश गर्ग*

जोहार छत्तीसगढ़-

**रायगढ़** - बजरंग दल के जिला संयोजक नियुक्त होने के पश्चात शहर के ऊर्जावान युवा हस्ताक्षर अमितेश गर्ग ने बताया कि आगामी होली के पर्व पर होलिका दहन स्थल पर होलिका दहन से पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवम आम जनता के सहयोग से हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा उक्त कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अमितेश ने बताया कि युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और अपनी पारंपरिक भारतीय संस्कृति के संचार के लिए यह कार्यक्रम शहर के विभिन्न हिस्सों में क्रमवार आयोजित किया जाएगा। जिसमे बुजी भवन चौक पर रात्रि 08 बजे, गौरी शंकर मंदिर चौक पर रात्रि 08.30 पर तथा कृष्णा विहार स्थित होलिका दहन स्थल पर रात्रि 09 बजे उक्त कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

जिसमे शहर के सभी युवा एवं शहरवासियों के सहयोग की कामना करते हुए इसमें हिस्सा लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया जायेगा।

आगे अमितेश ने कहा कि आज के इस भागदौड़ की जिंदगी में मानसिक तनाव काफी हद तक बढ़ रहा है, जिसे आध्यात्म एवम पारंपरिक भारतीय संस्कृति से जुड़कर काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। तथा हनुमान चालीसा पठन से सभी व्यक्तियों



में आत्मबल की वृद्धि तथा नव ऊर्जा का संचार होगा और आपसी सामाजिक मेल मिलाप परिचय एवं भाईचारे के साथ सक्रियता भी बढ़ेगी, साथ ही हमारा उद्देश्य सभी युवाओं को जनकल्याणकारी कार्यों में शामिल करके उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन से जोड़ने का है जिसके लिए बजरंग दल सदैव प्रयासरत हैं।

साथ ही दल के सभी कार्यकर्ताओं ने होली के पर्व को शांति तथा सौहाद्र पूर्वक माहौल में मनाने की अपील भी शहर वासियों से करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सभी शहरवासी अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाहन करें तथा इस आयोजन को सफल बनाएं।

ज्ञात हो कि अमितेश गर्ग की जिला संयोजक के पद पर आधिकारिक नियुक्ति की घोषणा कल ही प्रांत समिति की बैठक में की गई है

एवम नियुक्ति के पश्चात उनका यह पहला कार्यक्रम है वैसे पूर्व में भी अमितेश गौ सेवा एवं एनिमल रेस्क्यू जैसे अभियान तथा ब्लड बैंक सेवा से जुड़कर काफी लंबे अरसे से कार्य करते हुए सक्रिय तथा युवाओं में लोकप्रिय हैं, और अब गौसेवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष तथा बजरंग दल के जिला संयोजक की कमान भी संभालेंगे जिसके माध्यम से आगामी भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में सक्रियता के साथ कार्यकर्ताओं को संगठित करते रहेंगे।

# 18 वर्ष से प्रकृति पर कृतज्ञता जताने बाबा के आश्रम में यज्ञ के बाद राख से खेली जाती है होली

विश्व शांति ब्रम्ह यज्ञ के मुख्य अतिथि गौ माता और अन्य अतिथि चमगादड़, पलाश के वृक्ष और कीट पतंग

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

होली की अनोखी परम्परा के साथ प्रकृति पर कृतज्ञता जाहिर कर विश्व शांति ब्रम्ह यज्ञ मेला बाबा उदयनाथ के कांडसर आश्रम में पिछले 18 वर्षो से निरंतर मनाया जा रहा हैं।

बाबा के इस अद्भुत यज्ञ मेला में सैकड़ों की संख्या में उनके अनुयाई और श्रद्धालु जुटते हैं वहीं 18 मार्च को गौ माता पूजन के बाद 22 मार्च से 25 मार्च तक पांच दिनों तक कलश स्थापना से लेकर विश्व शांति ब्रम्ह यज्ञ निरंतर चल रहा है। यज्ञ का समापन फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होगा और उसी यज्ञ के भभूत का तिलक लगाकर होली खेली जायेगी। इस अवसर पर आलेख पंथ के हरदास, रथ, बनमाली, सुधामणी, मनात्मक,ध्यानात्मक, लोकात्मक सहित कृष्ण चंद्र बाबा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित हैं।









### बाबा के विश्व शांति यज्ञ में गौ माता मुख्य और पेड़ पक्षी और कीट पतंग अन्य अतिथि

कांडसर के अलेख महिमा के पवित्र आश्रम में विश्व शांति को लेकर निरंतर चल रहे ब्रम्ह यज्ञ में जहां बाबा उदयनाथ स्वयं याज्ञिक है तो वहीं इस यज्ञ के मुख्य अतिथि गौ माता और अन्य अतिथि चमगादड़,पलाश के वृक्ष और गुबरेल भृंग अर्थात कीट पतंग होते है। एक तरह से बाबा के यज्ञ का उद्देश्य अनुयायी और श्रद्धालुओं को प्रकृति से जोड़कर रखना है।

### गौमाता के नगर भ्रमण के पश्चात कालीन बिछाकर स्वागत दो दिन बाद शुरू होता है यज्ञ

गौ पालक के रूप में प्रसिद्ध संत बाबा उदयनाथ के यज्ञ शुरू होने से पूर्व यज्ञ के मुख्य अतिथि गौशाला के गाय की पूजन के बाद नगर भ्रमण कराया जाता है दो दिन बाद जब उसकी वापसी होती है तो आश्रम में फिर से स्वागत कर कालीन बिछाकर सभा स्थान तक लाया जाता है। इस समय का परिदृश्य ऐसा होता है कि श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी करने कालीन सो जाते हैं गौमाता श्रद्धालु को लांग कर सभा स्थल पहुंचती है इस पर श्रद्धालुओं का मानना है गौमाता उनके सारे दु:ख हर लेती है और उनका मनोकामना भी पूरा हो जाता है।

### हर साल बदलते है अतिथि पर गौमाता हमेशा होती है मुख्य अतिथि

कांडसर आश्रम में होने वाले इस सप्त दिवसीय विश्व शांति यज्ञ के लिये प्रत्येक वर्ष अतिथि बदले जाते हैं पर गौवंश को सदैव के लिये मुख्य अतिथि बनाया जाता है। जिससे आशिर्वाद लेकर बाबा यज्ञ शुरू करते हैं और यज्ञ के समापन बाद बचे भभूत को तिलक लगाकर होली मनाने का परम्परा 18 वर्षो से चल रहा है।

### इस अनुठे होली के उद्देश्य पर क्या कहते हैं संत उदयनाथ

*वर्ष 2005 से अब तक निरंतर चल रहे इस अनुठे होली के बारे याज्ञिक और आश्रम के संत बाबा उदयनाथ का कहना है होली सनातनी परम्परा है पर इसकी पवित्रता को आज के लोग तार तार कर रहे हैं हुड़दंग मांस मदिरा सेवन,कर वातावरण को दुषित कर रहे हैं इसलिये लोगों को प्रकृति से जोड़कर इन सब व्यसनों से दुर रखने परम्परा के शुरूवात की गयी है और हजारों लोग इससे जुड़ भी रहे हैं।*

## एक नजर

### वाहन चेकिंग दौरान तीन गाड़ियों से 11,54,693 रूपये बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आमचुनाव 2024 की घोषणा पश्चात जिले में आचार संहिता प्रभावशील है। चुनावी प्रलोभन सामग्री एवं नगद रुपयों की आवाजाही रोकने सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़नदस्ता एफएसटी और स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी सक्रिय होकर वाहनों के आवाजाही की सघन जांच की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में खरसिया पुलिस द्वारा रायगढ़ चौंक पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दरमियान खरसिया पुलिस द्वारा एक वेगनर, एक विटारा तथा एक इनोवा कार में काफी मात्रा में नगद रुपए का परिवहन करते पकड़ा गया है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होना पाए जाने पर खरसिया पुलिस द्वारा तीनों वाहनों से कुल 11,54,693 रुपए नगद जप्ती किया गया है।

### ग्राम हिर्री में वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

समाज कल्याण विभाग एवम् जनपद पंचायत सारंगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत हिर्री में स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 80 आयु वर्ग के वृद्ध मतदाता और दिव्यांग मतदाता का माल्यार्पण और शीफल भेंट कर सम्मान किया गया साथ ही आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओ के संबंध में जागरूक करते हुए शत् प्रतिशत मतदान के लिए शपथ संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पंचायत के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग मतदाता सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से उप संचालक विनय तिवारी, समाज शिक्षा संगठक सुरेश कुमार राठिया, पंचायत सचिव,पेंशन तकनीकी सहायक आनंद रात्रे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### नहीं रहे बजरंग छपारिया

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

नगर की प्रतिष्ठित फर्म ओम होटल के संचालक बजरंग छपारिया का 21 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। वे मामन चन्द अग्रवाल के पुत्र तथा विजय छपारिया, भीम छपारिया, राजू छपारिया के भाई थे। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी 68 वर्षीय बजरंग छपारिया अपने पीछे 1 पुत्र 3 पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गये। बजरंग छपारिया विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा अग्रसेन मार्ग स्थित निवास स्थान से निकाली गयी, तथा मौहापाली स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर नगर के सामाजिक संगठनों सहित गणमान्य नागरिकों ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुये प्रार्थना की है कि दु:ख की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें।



# भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने राष्ट्र के लिए जीवन का बलिदान किया- वित्त मंत्री ओपी चौधरी

बलिदान दिवस पर ओपी ने क्रांतिकारियों के योगदान का स्मरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



राष्ट्र के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले महान क्रांतिकारी भारत माता के वीर सपूत सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान का स्मरण करते हुए वित्त मंत्री ओपी ने सोशल मंच में विचार साझा करते हुए कहा भारत को आजादी दिलाने की मुहीम शुरू करने वाले इन क्रांतिकारियों का नाम देश वासियों के दिलो में सदा जीवित रहेगा। मंत्री ओपी ने कहा इन क्रांतिकारियों का जीवन हर देशवासी को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की सिख देता है। ऐसे बलिदानी महापुरुष मेरे राजनीतिक जीवन में मुझे पीड़ित मानव की सेवा के लिए सदा प्रेरित करते रहेंगे। भारत की आजादी में तीनो क्रांतिकारियो का योगदान अदभुत एवम अविस्मरणीय है। आज के ही दिन अंग्रेजी हुकूमत ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी थी। आज शहीद दिवस पर ओपी ने क्रांतिकारियों को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए कहा आज का दिन आप तीनों की शहादत के सम्मान का दिन है। आजादी की लड़ाई में हंसते हंसते जीवन कुर्बान करने वाले इन क्रांतिकारियों ने 23 साल की उम्र में अपना जीवन राष्ट्र के लिए न्यौछावर कर दिया। सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है देखना है जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है। भगत सिंह के विचारो की अभिव्यक्ति का उल्लेख करते हुए विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने कहा आजाद सिंह ने जेल में भी आजाद रहने का एहसास कराया था।

# अखिल भारतीय उपभोकता उत्थान संगठन छत्तीसगढ़ कार्यशाला का सफल आयोजन




जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

अखिल भारतीय उपभोकता उत्थान संगठन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा कार्यशाला एवं जागरुकता और बैठक का कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यशाला में मुख्य अतिथि हरिशंकर शुक्ल राष्टीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उपभोकता उत्थान संगठन ने आशीर्वाद स्वरूप छत्तीसगढ़ की टीम को संबोधित किए उन्होंने बताया कैसे लोगों को ठगी होने से बचाया जाए न्होंने संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया गांव के हर छोर तक हर व्यक्ति को जागरूकता करने पर प्रकाश डाला। नाप तौल में गड़बड़ी पेट्रोलियम पदार्थ मे मिलावट एवम् होलमार्क आभूषणों में दूध में अउ अन्य खाद्य पदार्थ में मिलावट एमआरपी से अधिक बेचे जाने एक्सपायरी समान दवाई खाद्य सामाग्री से लोगों को कैसी जानकारी दिया जाये। इन सब विषय पर विस्तार से चर्चा हुआ साथ ही साथ प्रशासन के सहयोग से नियमों के साथ कार्य करने की बात कही बैठक में,प्रदेश मंत्री मकसूदन जंघेल प्रदेश उपाअध्यक्ष आलोक सोनी प्रदेश महामंत्री राहुल चंद्राकर प्रदेश मंत्री अभिसेख वर्मा रायपुर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार जांगड़े रायपुर जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा रायपुर जिला महामंत्री प्रदीप साहू प्रदेश सचिव चंद्र शेखर जनबंधू महिला प्रदेश अध्यक्ष माला देशमुख प्रदेश सचिव खुशबू साहूएनरेंद्र जनबंधु श्रद्धा देशमुख ओमप्रकाश देशमुख प्रदेश सचिव आशा हरदेल विजय सिंह प्रेम चौहान संजय दिलीप शर्मा लेखराज साहू आशा श्रीवास्तव रायपुर जिला महिला कोषाध्यक्ष मैंरीफ्रांसिस रायपुर जिला महिला अध्यक्ष सविता मौर्या मंजू जायसवाल सदस्य रजनी गंधर्व सदस्य। नारायण चंदेल विनोद कुमार विनोद कुमार मोहित देवांगन बृजभान बंजारे राजेंद्र वर्मा जितेंद्र सिंह प्रतिभा जंघेल इसान बघेल आदि लोग उपस्थित थे।

# शासकीय प्राथमिक शाला निनवा में विदाई समारोह एवं होली मिलन समारोह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्राथमिक शाला निनवा में कार्यरत शिक्षिका प्रतिभा सिन्हा प्राथमिक शाला निनवा में लगातार 16 वर्ष सेवा दिया। प्रतिभा सिन्हा का प्रमोशन हिंदी विषय में नवागढ़ ब्लॉक कन्या माध्यमिक शाला नवागढ़ में होने पर शासकीय प्राथमिक शाला निनवा के स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल समन्वयक आकाश सोनी,संकुल प्राचार्य सुनीता तिवारी,पूर्व प्रधान पाठक नारायण कश्यप, शिक्षक खेलावन मिरचंडे,सुधा



वर्मा,कामिनी मंडावी, निरंजना ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि मोहित वर्मा,पूर्णिमा वर्मा रसोईया तीजन बाई,संतोषी बाई एवं शाला के समस्त बच्चों द्वारा बड़ा ही धूमधाम के साथ विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचार मुझे राजनीति में सेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे - वित्त मंत्री ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सामाजिक न्याय के पुरोधा माने जाने वाले स्वतंत्रता सेनानी, प्रसिद्ध समाजवादी विचारक,चिंतक, डॉ. राम मनोहर लोहिया की 124 वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी ने उनके आदर्शो एवम मूल्यों को मौजूदा राजनीति के लिए प्रासंगिक बताया।



**124 वीं जयंती पर लोहिया के आदर्शों को ओपी ने मौजूदा राजनीति के लिए प्रासंगिक बताया**

रायगढ़ विधायक ओपी ने कहा समता मूलक समाज निर्माण हेतु लोहिया का समर्पण एवम योगदान सदैव स्मरणीय और प्रेरणादाई रहेगा। उनकी समाजवादी विचारधारा जन सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पीढ़ियों तक प्रेरित करती रहेगी। जाति आधारित व्यवस्था और सामाजिक असमानता के धुर विरोधी रहे लोहिया का जीवन पिछड़े वर्गों, महिलाओं और दलितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। समतामूलक समाज निर्माण हेतु उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक है।ओजस्वी वक्ता रहे डॉ.राममनोहर लोहिया ने समाज से भेदभाव मिटाने एवं समानता स्थापित करने के लिए जो महान कार्य किये हैं उन्हें विस्मृत नही किया जा सकता। ओपी चौधरी ने सामाजिक सशक्तिकरण और सेवा भाव से जुड़े लोहिया के विचारो को प्रेरित करने वाला बताया। देश की आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाने के बाद लोहिया आजाद भारत की राजनीति के मजबूत आधार स्तंभ बने। प्रखर समाजवादी विचारों के लिए लोहिया सदैव स्मरणीय रहेंगे। राजनीतिक शुचिता व पारदर्शिता के समर्थक डॉ. राममनोहर लोहिया ने अपने सिद्धांत व आदर्श के जरिए सामाजिक सशक्तिकरण के एक नए युग का सूत्रपात किया। समाज व राष्ट्र के उत्थान में लोहिया के योगदान को अविस्मरणीय बता वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 124 वीं जयंती पर कोटिश: नमन करते हुए कहा लोहिया जी के विचार राजनीति में मुझे सदैव जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

# विहिप में कई दायित्व परिवर्तन में शिशुपाल सिंह बने प्रदेश उपाध्यक्ष

***शरणार्थियों को नागरिकता दिलाने सहयोग करेंगे विहिप कार्यकर्ता***

गरियाबंद। रायपुर के संत शदाणी दरबार में बीते 20,21,22 मार्च को हुये विश्व हिन्दू परिषद छग प्रांत के बैठक में कई दायित्वों में परिवर्तन किया गया। जिसमें गरियाबंद के ज़िला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपूत को प्रांत के उपाध्यक्ष बनाया गया तो वहीं उनके जगह पर प्रकाश निर्मलकर को गरियाबंद जिला अध्यक्ष का नया दायित्व मिला है

इसी प्रकार जिला सहमंत्री गौरीशंकर कश्यप को मंत्री तो निखिल यादव को सहमंत्री का दायित्व मिला है डिगेश्वर वर्मा को विभाग सहमंत्री तो वहीं बजरंग दल के जिला सहसंयोजक मोहित साहू को जिला संयोजक और कुलेश्वर सिन्हा को विभाग सहसंयोजक बनाया गया है।

### प्रदेश पदाधिकारी और संतों की उपस्थिति के बीच ऊंकार ध्वनि से शुरू हुये तीन दिवसीय बैठक

विहिप के तीन दिवसीय मैराथन बैठक में प्रदेश के अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा प्रदेश मंत्री विभुति भूषण पांडेय उपस्थित में संत युधिष्ठिर महाराज और मिलिंद पराण्डे ने ऊंकार ध्वनि से बैठक शुरू करवाया और सर्वे भवन्तु सुखिनरू के शान्ति पाठ के साथ नये दायित्ववान कार्यकर्ता को शुभकामनाएं देते हुए बैठक की समाप्ति हुयी।









### नागरिकता संशोधन विधेयक के तहत शरणार्थियों का सहयोग का निर्देश

*विहिप के तीन दिवसीय बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के साथ केन्द्र सरकार के नागरिकता संशोधन विधेयक के तहत जिले में निवासरत शरणार्थियों के सहयोग करने का निर्देश दिया गया। हालांकि विहिप इस विधेयक के पास होने के पूर्व भी बाहर से आये सिख, हिन्दू,जैन, बौद्ध शरणार्थियों की मदद करता आया है। विहिप चाहता है शरणार्थियों को कार्यकर्ता के सहयोग करने से इस तरह के शरणार्थियों को नागरिकता हासिल करने सौहलियत होगा। वही विहिप के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा ने संगठन के कार्ययोजना पर चर्चा करते हुये कहा श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत कलश अभियान से जुड़े लोगों को संगठन से जोड़नें व संगठन के सभी आयामों को पूर्ण करने और जुड़े सभी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।*

# अभिषेक हत्याकांड में पुलिस की जांच से असंतुष्ट मृतक के परिजनों ने एसपी ज्ञापन सौंपकर लगाई न्याय की गुहार

## हत्या में एक से अधिक आरोपियों के शामिल होने की शंका, राजपत्रिक अधिकारी से जांच कराने का आश्वासन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ के बहुचर्चित अभिषेक केशरवानी हत्याकांड में सिर्फ एक ही आरोपी द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की पुलिस की कहानी पर मृतक के परिजनों का विश्वास नहीं हो रहा है। आज मृतक की पत्नी प्रतिमा केशरवानी ने पूरे मामले में सूक्ष्म जांच की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 15 मार्च को अभिषेक केशरवानी को चाकू मारकर हत्या करने के मामले में कल खुलासा करते हुए निखिल बरेठ को पूरे मामले में आरोपी बताया तथा बैंगलोर से उसकी गिरफ्तारी की जानकारी दिया। इस मामले को लेकर मृतक के परिजन असंतुष्ट दिखे तथा पुलिस की विवेचना पर सवाल खड़े करते हुए कई बिन्दु पर जांच की मांग करते हुए आज ज्ञापन पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नाम पर एएसपी कमलेश्वर चंदेल को सौपा। दिये गये ज्ञापन मे मृतक की पत्नी प्रतिमा केशरवानी ने लिखा है कि एक व्यक्ति द्वारा हत्या करने की बात में शंका हो रही है। इस सुनियोजित हत्या में कम से कम तीन-चार साथी भी शामिल है। उन्होंने लिखा है कि इस हत्याकांड़ में पुलिस ने सिर्फ एक आरोपी निखिल बरेठ को ही आरोपी बनाया है। जबकि पूरे मामले में लगभग 3-4 लोगों द्वारा इस हत्याकांड को अंजाम देने में सहयोग किया गया है। पुलिस के बताये अनुसार मेरे पति पर अचानक हमला किया गया है जबकि पूरा हत्या एक षड़यंत्र का हिस्सा है तथा सुनियोजित तरीके से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। इसमें सिर्फ निखिल बरेठ ही नहीं बल्कि उनके अन्य साथी जो कि उनको घटना स्थल से लेकर रायपुर तक छोड़ने गये। उन सभी को बचाया जा रहा है।

### कौन-कौन गये थे ज्ञापन सौपने

*सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक के पास ज्ञापन सौपने वालों में मृतक अभिषेक की पत्नी प्रतिमा केशरवानी, भाई विवेक केशरवानी, भाजपा जिला मंत्री निखिल केशरवानी, भाजयुमो जिला महामंत्री राजा गुप्ता, चेंबर आफ कामर्स अध्यक्ष पवन अग्रवाल सहित शहर के काफी संख्या मे गणमान्य शहरवासी गये थे।*

पुलिस के थ्योरी के अनुसार अकेला निखिल ने अभिषेक को रोकवाया, मारपीट किया और फि र चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया। यह पूरा घटना नेशनल हाईवे 130 बी सारंगढ़-सरसीवां मार्ग पर हुआ। मुख्य मार्ग पर निखिल अकेला अभिषेक की हत्या करके फरार हो जा रहा है और कोई भी उसका साथी या मददगार का नाम तक पूरे घटनाक्रम में पुलिस पता नहीं कर पाई है यह संभव ही नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस के कई साथियों ने विवेचना के प्रारंभिक समय में मृतक के परिजनों को बताया था कि सरसीवां से अभिषेक का पीछा करते हुए आरोपी निखिल बरेठ आ रहा था और उसके साथी भी उनके साथी थे। वही चंदाई में कुछ दुकानों से सीसी टी व्ही फु टेज की भी जानकारी पुलिस के साथी मौखिक रूप से बता रहे थे। साथ ही संतोषी राईस मिल सहित राधाकृष्ण अस्पताल के सीसीटीव्ही फु टेज में निखिल के साथ कुछ आरोपी की चर्चा विवेचना के दौरान हुआ था। किन्तु आज निखिल को सिर्फ अकेला आरोपी बनाया गया है और उनके सहयोगी या दोस्त का नामों निशान तक पूरे घटनाक्रम में नहीं रखा गया है। जो कि प्रथम दृष्टया ही बनावटी लग रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

आसपास के रहवासियों ने हमें गोपनीय सूचना प्रदान किया है कि संतोषी राईस मिल के पास मुख्य मार्ग पर मृतक अभिषेक को बलात दो मोटर सायकल में चार लोगों द्वारा रोका गया तथा उसके साथ मारपीट किया गया जिसके बाद उसको कोसाबाड़ी केन्द्र के अंदर ले जाकर चार लोगों ने आपस में मिलकर चाकू से हमला किया है। जहां से घायल अवस्था में मृतक अभिषेक मुख्य मार्ग पर अपनी जान बचाकर आया और सड़क पर गिर पड़ा। वहा से उसको राहगीरों ने राधाकृष्ण अस्पताल लेकर गये। जहां उनकी मौत हो गई। प्रतिमा केशरवानी ने ज्ञापन में लिखा है कि यह पूरी तरह से प्लानिंग करके उसके पति अभिषेक को षडयंत्र करके जान से मारा गया है। इस हत्याकांड में आरोपी निखिल के अलावा और भी कई साथी सहयोगी शामिल थे। जिनका नाम अभी तक के विवेचना में नहीं लाया गया है। इस कारण से पूरे मामले मे सूक्ष्म एवं विशेष जांच कराते हुए अन्य सहयोगी-साथियों को भी इस प्रकरण में आरोपी बनाकर न्याय प्रदान करते हुए इन आरोपियों को सजा दिलाने के लिये विशेष पहल करने की कृपा करेंगे। पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला को भी प्रेषित किया गया है।

### राजपत्रिक अधिकारी करेंगे मामले की जांच

पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक के नाम से सौपे गये ज्ञापन के बारे जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी कमलेश्वर चंदेल ने बताया कि मृतक की पत्नी प्रतिमा केशरवानी ने इस हत्याकांड़ की जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है तथा इस मामले को राजपत्रिक स्तर के पुलिस अधिकारी से जांच कराया जायेगा।

# सड़क पर जानलेवा गड्ढे जिम्मेदार बेपरवाह

## छेरकापुर से नांदघाट मार्ग के बिच बड़े बड़े गड्ढे विभाग अब तक बेखबर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के अंतर्गत नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नवागढ़ मुख्य मार्ग से लगे हुए ग्राम छेरकापुर मार्ग में डाडू गांव है जिन मार्ग से ग्राम नांदघाट के नेशनल हाइवे से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है जिसमें एक बड़े से गड्ढे बन चुके हैं ये गड्ढे साल भर से ऐसे ही है विभाग को इसकी कोई सुध नहीं है शायद विभाग कोई दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो या जानकारी होने के बाद भी आंख मूंद के बैठे हो। यह कौतोहाल क्षेत्र के जनता के बिच चर्चा का विषय बना हुआ है। डाडू और खैरी गांव के बिच एक बड़ी गड्ढा है जिसको देख कर भी अनदेखा किया जा रहा है या इनकी जानकारी जिम्मेदार विभाग को तो नहीं, आपको बताना चाहेंगे कि इन गड्ढे वाले मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन लगा रहता है। जिसमे आस पास के सैकड़ों लोगों का दिन हो या रात को इसी मार्ग से काम काज पर आना जाना लगा रहता है क्षतिग्रस्त हुए सड़क को साल भर हो गया है अभी तक मरम्मत का बीड़ा विभाग द्वारा नहीं उठाया गया है। इस मार्ग में बड़ी वाहनों का भी आवागमन होता रहता है कभी भी इन गड्ढे के वजह से दुर्घटना घट सकती है, अब और कब तक विभाग मौन बैठे रहेंगे।

# भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने राष्ट्र के लिए जीवन का बलिदान किया- वित्त मंत्री ओपी चौधरी

## बलिदान दिवस पर ओपी ने क्रांतिकारियों के योगदान का स्मरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



राष्ट्र के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले महान क्रांतिकारी भारत माता के वीर सपूत सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान का स्मरण करते हुए वित्त मंत्री ओपी ने सोशल मंच में विचार साझा करते हुए कहा भारत को आजादी दिलाने की मुहीम शुरू करने वाले इन क्रांतिकारियों का नाम देश वासियों के दिलो में सदा जीवित रहेगा। मंत्री ओपी ने कहा इन क्रांतिकारियों का जीवन हर देशवासी को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की सिख देता है। ऐसे बलिदानी महापुरुष मेरे राजनीतिक जीवन में मुझे पीड़ित मानव की सेवा के लिए सदा प्रेरित करते रहेंगे। भारत की आजादी में तीनो क्रांतिकारियो का योगदान अदभुत एवम अविस्मरणीय है। आज के ही दिन अंग्रेजी हुकूमत ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी थी। आज शहीद दिवस पर ओपी ने क्रांतिकारियों को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए कहा आज का दिन आप तीनों की शहादत के सम्मान का दिन है। आजादी की लड़ाई में हंसते हंसते जीवन कुर्बान करने वाले इन क्रांतिकारियों ने 23 साल की उम्र में अपना जीवन राष्ट्र के लिए न्यौछावर कर दिया। सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है देखना है जोर कितना बाजु-ए-कातिल में है। भगत सिंह के विचारो की अभिव्यक्ति का उल्लेख करते हुए विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने कहा आजाद सिंह ने जेल में भी आजाद रहने का एहसास कराया था।

## एक नजर

### राम बाग में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होंगे वित्त मंत्री ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रायगढ़ विधायक एवम वित्त मंत्री ओपी चौधरी 25 मार्च सोमवार को राम बाग में आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं एवं आम जनता के मध्य मौजूद रहेंगे। प्रात: 9 से अपराह्न 12 बजे तक मंत्री ओपी भाजपा कार्यकर्ताओं आम जनता के साथ होली उत्सव हेतु मौजूद रहेंगे। इस संबंध की जानकारी देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने आम जनता सहित कार्यकर्ताओ से इस रंगोत्सव के त्योहार होली उत्सव आयोजन में शामिल होने की विनम्र अपील की है।

### बालको ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गुलाल बनाने किया प्रोत्साहित

**कोरबा** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को गुलाल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनी के उन्नति परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के माध्यम से एसएचजी सदस्यों ने विभिन्न उत्पाद बनाना शुरू किया है। होली त्योहार के मौके पर बनाये गुलाल से महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता के रंग भर गए हैं जो आय सृजन के लिए उनके अतिरिक्त स्त्रोत का जरिया बना।

बालको के उन्नति परियोजना के अंतर्गत डेकोराती माइक्रो-एंटरप्राइज के तहत 3 एसएचजी समूहों की महिलाएं द्वारा गुलाल बनाने का कार्य किया जा रहा है। बालको के सहयोग से 2022 में शुरू गुलाल बनाने के कार्य में मौजूदा समय में कुल 12 एसएचजी महिलाएं शामिल हैं जो होली पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी सचेत रहने की सीख दे रही हैं।

पौधों की जड़ों और उसके पत्ते से निकाले गए प्राकृतिक रंग हमारी त्वचा के लिए सुरक्षित हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक को बढ़ावा देता है। उन्नति के गुलाल बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण के अनुकूल हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है। सुगंधित गुलाब जल और केवड़ा जैसे प्राकृतिक अवयवों से तैयार किए गए ये रंग कठोर हानिकारक रसायनों से मुक्त हैं जो आपकी त्वचा के लिए सुरक्षित और कोमल अनुभव सुनिश्चित करते हैं। बालको के उन्नति परियोजना के अंतर्गत एसएचजी सदस्यों द्वारा उन्नति इको और उन्नति हैप्पी दो प्रकार के गुलाल बनाये जा रहे हैं। कॉर्न स्टार्च में खाद्य रंग को मिलाकर 'उन्नति इको' गुलाल बनाया जा रहा है तथा कॉर्न स्टार्च में पौधों के जड़ों पत्तों के रंग को मिलाकर उन्नति इको गुलाल बनाया जा रहा है जो त्वचा को बिना नुकसान पहुंचाये त्योहार के उत्सव को बढ़ा रहा है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सिंथेटिक रंगों के विपरीत, 'उन्नति हैप्पी' सब्जी-आधारित बायोडिग्रेडेबल रंगों से बना है जो होली मनाने के लिए पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प है। उन्नति इको और उन्नति हैप्पी गुलाल से त्वचा की जलन और आंखों में खुजली जैसी समस्या नहीं होगी। इसमें प्रयोग कॉर्न स्टार्च तथा फ्लों एवं सब्जियों के अर्क और प्राकृतिक सामग्रियों से बने गुलाल त्वचा और बालों के अनुकूल हैं।

उन्नति परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जिससे उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में मदद मिली है। कोरबा के 45 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 534 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 5744 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है। परियोजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के फेडरेशन विकास की दिशा में कार्य जारी है। महिलाओं को क्षमता निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, सूक्ष्म उद्यमों के प्रचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### नेशनल हाइवे के निकट रात में पहुंचा हाथियों का दल, आवागमन आधे घंटे रहा बाधित

**कोरबा** । कटघोरा वन मंडल में 37 हाथी इन दिनों अलग-अलग दल बनाकर घुम रहे हैं। शनिवार की रात 17 हाथियों का दल केंदई वन परिक्षेत्र के कांपानवापारा के पास नेशनल हाईव के निकट पहुंच गए। आवागमन आधे घंटे के लिए के लिए थम गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम हाथियों जंगल की ओर खदेड़ा। तब कहीं जाकर वाहनों का आवामन बहाल हुआ।

खेत खलिहानों से फसल का उठाव होने व गर्मी का असर शुरू होने के बाद रहवासी क्षेत्रों की ओर हाथियों का विचरण बढ़ गया हैं। विगत माह भर जंगल में रह रहे हाथियों के दल को गांवो के आसपास देखा जा रहा है। शनिवार को चार दल में बंटे हाथी लालपुर, मोरगा, मड़ई व कांपानवापारा के पास विचरण कर रहे थे। कटघोरा-अंबिकापुर को जोड़ने वाली नेशनल हाइवे के कांपानवापारा के पास शनिवार को 17 हाथी आ धमके।

# होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने थाना छाल पुलिस ने ली शांति समिति का बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कुड़ेकेला।





पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर 23 मार्च 2024 को थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन बैस द्वारा रंगों का त्योहार होली को लेकर शनिवार को प्रात: छाल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। आयोजित बैठक में सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी हर्षवर्धन बैस के द्वारा बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। कहा गया कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ा कारण बनता है। इस पर प्रशासन विशेष ध्यान दें। इसके अलावा हाई स्पीड बाइकर्स पर लगाम लगाने की भी मांग की। थाना प्रभारियों ने गंभीरता से लेते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने बैठक के माध्यम से वैसे अभिभावकों जिन्होंने अपने बच्चों को स्पीड बाइक थमा दी है। उससे अपने बच्चों पर ध्यान देने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा कि कार्रवाई होने की स्थिति में किसी की नहीं सुनी जाएगी। बैठक में यह प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य मालती राठिया के पति नीलांबर राठिया, जनपद उपाध्यक्ष धरमजयगढ़ रमेश अग्रवाल,एवं पत्रकार, तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सरपंच पंच आदि उपस्थित थे।


# थाना प्रभारी कमला पुसाम द्वारा कई जगहों पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, धरमजयगढ़ पुलिस भी चेकिंग अभियान तेज कर दी है। आज धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी स्वयं घूम-घूम कर वाहन चेकिंग किया।





पूरे देश में आदर्श अचार संहिता लागु है, और चुनाव की तैयारी जोरो से चल रही है जिसमें बिना अनुमति के चुनाव सामग्री परिवहन किया जा रहा है। चुनाव में धनबल का उपयोग न हो इसके लिए भी वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। हाल ही में कई जगहों पर वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में रूपये बरामद किया गया है जिस कारण थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर द्वारा आज वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें रायगढ़ रोड और खरसिया रोड में कई जगहों पर छोटे बड़े सभी वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही सभी वाहन चालकों को यातायात संबंधित नियमों का पालन करने को भी कहां गया। थाना प्रभारी ने बातया की वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शराब पीकर नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों और संदेह के घेरे में आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। और वर्तमान में जो अचार संहिता लागु है उसे देखते हुए सभी वाहनों को चेक किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in